


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 151 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 14 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# कांकेर के 133 गाँव में सिर्फ बांग्लादेशी!

## पाकिस्तानी और बांग्लादेशी शरणार्थियों का गढ़ है बस्तर, सबको मिलेगी नागरिकता

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के कई ऐसे इलाके हैं, जहां बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक रह रहे हैं। उनकी बाकायदा बस्तियां बसाई गई है। अब सीएए लागू होने के बाद इन विदेशी नागरियों या शरणार्थियों की जानकारियां लगातार सामने आ रही है। कांकेर क्षेत्र के पखांजूर के 295 गांवों में से 133 गांवों में बंगलादेशी शरणार्थी रह रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि कांकेर की कुल आबादी 1.71 लाख है, जिसमें से करीब 1 लाख लोग बंगलादेशी हैं। अब इन सबको भारत की नागरिकता मिलने की बात कही जा रही है। रायपुर के माना क्षेत्र में भी 500 से ज्यादा बंगलादेशी परिवार रह रहे हैं।**



केंद्र सरकार के द्वारा देश में सीएए लागू कर दिया गया है। सीएए लागू होने के बाद अब विदेशी शरणार्थियों की जानकारी सामने आने लगी है। इसमें वह लोग बेहद खुश है जो नियम के साथ भारत की नागरिकता ले सकेंगे। सीएए लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में भी विदेशी शरणार्थियों की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में लगभग 63 हजार विदेशी शरणार्थी है जिन्हे सीएए का फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में यह लोग रेसिडेंट परमिट या वीजा लेकर यहां रह रहे हैं। अब इन सभी लोगों को भारत की नागरिकता जल्द मिल जाएगी।

देश में चार सालों से पास होने के बाद सीएए को लागू कर दिया गया है। यह कानून देश में गैर मुस्लिमों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से भारत आने वाले गैर मुस्लिमों को नागरिकता दे दी जाएगी। जिसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 62,890 लोग बगैर नागरिकता के रह रहे हैं। यह सभी वह लोग हैं जो साल 2014 से पहले ही भारत आ गए थे। इनमें से कुछ तो ऐसे भी लोग हैं जिन्हें आज 50 से 60 साल पूरे हो चुके हैं। इन सभी को चिन्हित करते हुए इन्हें अब भारत की नागरिकता दी जाएगी।

### रायपुर में 2700 से ज्यादा विदेशी नागरिक

छत्तीसगढ़ की अगर बात करें तो यहा 62,890 लोग विदेशी गैर नागरिक है। इसमें सबसे ज्यादा पाकिस्तान और बंगलादेश के हैं। जानकारी के मुताबिक इसमें सबसे ज्यादा बस्तर, पंखाजूर और रायपुर में रह रहे हैं। रायपुर की अगर बात करें तो यहां 1625 सो ज्यादा पाकिस्तानी और 1100 से ज्यादा बंगलादेश के शरणार्थी है। यह सभी रेसिडेंट परमिट और वीजा के सहारे यहा रह रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे भी लोग है जिनके पास तो कोई दस्तावेज भी नहीं है और वह रह रहे हैं।

### बस्तर में बसाए गए विदेशी शरणार्थी

जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर 1979 तक बस्तर के इलाकों पर 18, 458 लोगों को बाहर से लाकर बसाया गया था। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पंखाजूर की बात करें तो यहां के 133 गांव में सिर्फ बंगलादेश के लोग रहते हैं। जानकारी के अनुसार पंखाजूर के 295 गांव में से 133 गांव में बांग्लादेशी शरणार्थी है। साल 2011 में हुई जनगणना में यह सामने आया था कि कांकेर की कुल आबादी 1.71 लाख है जिसमें से यहां 1 लाख लोग बांग्ला बोली बोलते हैं। इसके अलावा पंखाजूर शहर में 10,201 लोगों में से 95 प्रतिशत लोग बांग्लादेश से आए हुए है। इस तरह रायपुर के माना में भी 500 से ज्यादा परिवार है जो बांग्लादेश से हैं।

## खास-खबर

### 8 नगरीय निकायों के लिए 4.84 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के आठ नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल चार करोड़ 83 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सात नगरीय निकायों के लिए कुल चार करोड़ 79 लाख 68 हजार रुपए और 14वें वित्त आयोग के तहत सारंगढ़ नगर पालिका के लिए चार लाख 13 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। उन्होंने गुणवत्ता एवं समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इन राशियों से प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

### सड़क हादसे में बंगाल के तीन लोगों की मौत

**धमतरी।** जिले के सिहावा थाना अंतर्गत एक सड़क हादसे में 3 युवकों ने जान गवां दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। सड़क हादसा बुधवार देर रात सिहावा इलाके के सांकरा से भोथली जाने वाले रोड पर नहर में बने पुल पर हुआ। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक में सवार होकर सांकरा की ओर से आ रहे थे, तभी उनकी बाइक पुल से टकराई और युवक पुल से 14 फीट नीचे गिर गए। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। तीनों युवक पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। काम करने पश्चिम बंगाल से धमतरी आए थे। भोथली बोडरा में रहकर हाईटेंशन तार लगाने का काम करते थे और पिछले कुछ माह से यहीं रह रहे थे। मृतकों में शरीफुल हक उम्र 21 वर्ष फरीदपुर पश्चिम बंगाल, अब्दुल रहीम उम्र 42 साल और कमालीन जमाल उम्र 26 वर्ष भादो पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### बुजुर्ग की खून से लथपथ लाश मिली

**कोरबा।** शहर से लगे मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भालूसटका गांव में बुधवार रात बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिली। गांव वालों ने बुजुर्ग की खून से लथपथ लाश घर के बाहर पड़ी हुई देखी तो पुलिस को सूचित किया। मृतक का नाम श्यामलाल कंवर (60) है। घर में पत्नी और दो बेटियां हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। पति-पत्नी रोजी मजदूरी का काम कर जीवन चलाते थे. वारदात के पहले बुजुर्ग दंपति के नशे में होने के बात भी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. बुजुर्ग के सिर पर वार कर हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कही है।

### कांग्रेस नेता की ट्रेक्टर से कुचलकर हत्या

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार से एक बड़ी खबर सामने आयी है। यहां पर एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते गांव के युवक ने कांग्रेस नेता की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दयाराम जायसवाल पूर्व जनपद सदस्य थे। हालाकि पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह कसडोल थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी मिलने के बाद ही पूरे क्षेत्र में सनसनी है। पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

# बीएसपी के कोक ओवन में लगी भीषण आग फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

■ करोड़ों के नुकसान की आशंका, बीएसपी प्रबंधन ने शुरू की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आग प्लांट के कोक ओवन सीसीडी के अमोनिया स्ट्रिपिंग टॉवर में लगी थी। अचानक आग लगने से दूर दूर तक लपटें दिखने लगी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची करीब डेढ़ घण्टे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आग लगने का कारण तो स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन इसके कारण काम काज प्रभावित हुआ और करोड़ों के नुकसान का अंदेशा लगाया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को लगभग 10:30 से 11 बजे के बीच कोक ओवन सीसीडी के अमोनिया स्ट्रिपिंग टावर में आग लग गई। अमोनिया स्ट्रिपिंग टावर में आ लगी वह नई टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। इस टॉवर से कोक ओवन की बैटरी से निकलने वाली गैस से अमानिया को फिल्टर करने का काम किया जाता है। इसके बाद जो गैस निकलती है उसे आगे भेजा जाता है। आग लगने से यह टॉवर जल गया है।

आग लगने की सूचना के बाद तत्काल मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और अपना काम शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि देर रात लगभग 12:30 बजे तक आग पर काबू पाया गया। टॉवर के जलने से करोड़ों के नुकसान की बात कही जा रही है। हालांकि इसका अंदाजा नहीं लगाया गया। आग क्यों और कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि हादसे की जांच के लिए बीएसपी प्रबंधन द्वारा टीम गठित कर जांच कराई जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बदलेगा मौसम, कई इलाकों में बारिश के आसार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दिनों में प्रदेश के एक-दो जगह पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है। गुरुवार को सुबह से ही तेज धूप खिली रही। यदि बारिश होती है तो लोगों को तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कुछ राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दो से चार डिग्री तक अधिकतम तापमान गिरावट होने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि आने वाले दो दिनों में प्रदेश के कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

# स्कूल में खसरा संक्रमण की चपेट में 14 बच्चे, स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला स्थित एक स्कूल में खसरा संक्रमण का मामला सामने आया हैं। ऐसे में इसके बढ़ाते संक्रमण के चलते यहां के 14 बच्चे खसरे से संक्रमित पाए गए हैं। वहीं इस खबर की सुचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गई है।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला बिलासपुर जिले के मुरुम खदान खमतराई के शासकीय प्राथमिक स्कूल का बताया जा रहा है। जहां पर खसरा फैलने की सूचना मिलते ही यहां पर डब्ल्यूएचओ के सदस्य और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गए थे। इसके साथ ही टीम के द्वारा किए इस सर्वे मुताबिक के कम से काम 7 नए संक्रमित बच्चों की पहचान की गई हैं। बता दें कि ये सभी बच्चे आंखों में जलन, नाक बहना और खांसी, गले में खराश साथ ही बुखार और त्वचा पर लाल चकत्ते से ग्रसित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों इन के सैम्पल को जांच के लिए जबलपुर भेजा दिया है। इसके अलावा इस जिले के सभी स्कूलों में अलर्ट जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि खसरा एक बेहद ही संक्रामक बीमारी है. जो की 'पैरामाइक्सो नामक वायरस' नाम के विषाणु के संपर्क में आने से ये संक्रमण से फैलता है। बता दें खसरे से पीड़ित व्यक्ति के खांसते या छींकते समय संपर्क में आने से फैलता है। ज्यादातर यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के थूक के कणों से आ जाते हैं और यह हवा में फैल जाता हैं। साथ ही किसी स्वस्थ व्यक्ति को यह संक्रमित कर करता हैं।

जानकारी के मुताबिक बच्चों में इसकी शुरुआती लक्षण बुखार, जुकाम, गले में खराश, खांसी, आंखों में जलन, शरीर में दर्द, आंखें लाल होना ये लक्षण ज्यादातर पांच से सात दिनों के बाद नजर आने लगते है। जिस वजह से संक्रमती व्यक्ति के शरीर पर लाल दाने निकलने लगते हैं। साथ ही इसमें कई बार मुंह में सफेद दाग भी नजर आते हैं। किसी व्यक्ति में अगर खसरे के लक्षण नजर आने पर आप तुरंत आपने नजदीकी डॉक्टरों से संपर्क कर ब्लड टेस्ट जरूर कराएं और इसका इलाज का करना शुरू करें। इसके साथ ही इस मामले में आप कोई घरेलू नुस्खों से दूर रहें। इससे बीमारी का खतरा बढ़ेगा और निमोनिया भी हो सकता है।

# चार महीने के निचले स्तर 0.20 प्रतिशत पर पहुंचा थोक महंगाई दर

**नई दिल्ली।** देश में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर फरवरी में चार महीने के निचले स्तर 0.20 प्रतिशत पर आ गई, जो जनवरी में 0.27 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय के गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए।



समीक्षाधीन महीने में आनुक्रमिक मूल्य सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि इससे एक महीने पहले इसमें 0.33 प्रतिशत की गिरावट आई थी। फरवरी, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, मशीनरी और उपकरण और मोटर वाहनों, ट्रेलरों और सेमी-ट्रेलरों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति फरवरी में 6.95 प्रतिशत थी। प्राथमिक वस्तुओं की मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 4.49 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व महीने में 3.84 प्रतिशत थी।

कच्चे तेल की थोक मुद्रास्फीति फरवरी में 8.24 प्रतिशत बढ़ी। ईंधन और बिजली मुद्रास्फीति फरवरी में शून्य से 1.59 प्रतिशत नीचे रही जबकि जनवरी में इसमें शून्य से 0.51 प्रतिशत की गिरावट आई थी। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति फरवरी में शून्य से 1.27 प्रतिशत नीचे रही। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए गए थे, जिसमें बताया गया था कि यह जनवरी के 5.10 प्रतिशत की तुलना में फरवरी में वार्षिक आधार पर 5.09 प्रतिशत तक कम हो गया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से यह आंकड़े जारी किए गए थे।

# अंधविश्वास मिटाने आग पर चल दिए पूर्व कलेक्टर

श्रीकंचनपथ




भारत में अधिकांश कार्यक्रमों का शुभारंभ अक्सर दीप प्रज्ज्वलन से होता है। अतिथि एवं संस्था प्रमुख जूते उतारकर इसमें भाग लेते हैं। दीपक जलाने के लिए पंखे बंद किये जाते हैं। इतना तो सबने देखा होगा पर एक बार ऐसा हुआ कि मोमबत्ती जलाने के बाद माचिस की तीली को वहीं फेंक दिया गया। एक अतिथि का इस पर पैर पड़ गया और वह लगा नाचने। यही स्वाभाविक प्रतिक्रिया होती है। इसलिए लोग आग से डरते भी हैं और बचने की कोशिश भी करते हैं। जब वे किसी को अंगारों पर चलते देखते हैं तो इसे दैवीय शक्ति मान बैठते हैं। ऐसे अधिकांश आयोजन पूजा-पाठ और विशेष पर्वों से ही जुड़े हैं। ऐसा केवल भारत में नहीं होता। विश्व के अनेक देशों में विशेष पर्वों पर अंगारों पर चलने का रिवाज है। स्पेन, बल्गारिया एवं फिजी के अनेक संप्रदायों में यह धार्मिक क्रिया कलापों का अंग है। आत्मशुद्धि तथा व्याधियों के उपचार के लिए नंगे पैर आग पर चलने का रिवाज यूनान और फ्रांस में भी है। यूनान में वीणा की स्वर लहरी पर अग्नि नृत्य किया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के नेटाल प्रांत में धार्मिक पवित्रता का सबूत देने के लिए अग्नि प्रवेश करना पड़ता है। दक्षिण प्रशांत महासागर के टाहिटी द्वीप में भी 'फायर वॉक' किया जाता है। रांची में उरांव तथा मुण्डा जाति के लोगों को आग पर चलते देख तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद चकित रह गए थे। दक्षिण भारत के चिंगलपेट जिले में एक उत्सव में सैकड़ों लोग केवल कोपीन पहनकर मंत्रोच्चार करते हुए अग्निकुंड प्रवेश करते हैं और बेदाग बाहर आते हैं। पैरों का जलना तो दूर उसमें सामान्य फफोले तक नहीं पड़ते। ऐसे लोगों को अंधविश्वास की चपेट में आने से बचाने के लिए विज्ञान में आस्था रखने वाले भी लंबे समय से कोशिशें कर रहे हैं। एक ऐसी ही कोशिश फिर सामने आई है। सुकमा के कलेक्टर रहे अलेक्स पॉल मेनन का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वे जलते अंगारों पर चलते दिखाई दे रहे हैं। साक्षरता आंदोलन के दौरान विज्ञान जत्थे के लोग भी ऐसा करके यह साबित करते थे कि दहकते अंगारों पर चलने का किसी सिद्धी से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी सर्जन डॉ जीएम फेठन तथा उनके आविष्कारक-दार्शनिक मित्र आर बाकमिस्टर ने बोरा-बोरा द्वीप में स्वयं इसका अनुभव लिया था। उन्होंने लिखा, अंगारे सैण्डपेपर जैसे लग रहे थे। पैरों पर तीव्र किन्तु सहन करने योग्य गरमी महसूस हुई। थोड़ी देर में पैरों में झुनझुनी का अहसास हुआ और मस्तिष्क शून्य पड़ने लगा। कुण्ड से बाहर आने पर लगा कि जैसे सोते से जागा हूँ। भौतिक शास्त्रियों की मानें तो लोग आग पर नहीं बल्कि कोयले की चिंगारियों पर चलते हैं। चिंगारियां ऊष्मा की कुचालक होती हैं और पैर इतनी देर तक कोयले की सतह को नहीं छू पाता कि वह जल जाए। इसलिए आग या चिंगारियों पर चलना केवल एक कौशल और विज्ञान है।



## संपादकीय

# कांग्रेस की गारंटी

सत्ता के लिए संघर्षरत किसी भी पार्टी के लिए कुछ ऐसी घोषणाएं जरूरी होती हैं, जिनसे मतदाताओं को लुभाया जा सके। इसी कड़ी में कांग्रेस की बड़ी चुनावी कवायद 'नारी न्याय गारंटी' को देखा जाना चाहिए। इसके तहत कांग्रेस सत्ता में आने पर गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की वित्तीय मदद देगी। जाहिर है, ऐसी कोई योजना अभी किसी पार्टी के पास नहीं है, तो इसकी चर्चा जरूर होगी। आधी आबादी पूरा हक के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार की आधी भर्तियों पर महिलाओं का हक सुनिश्चित करेगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक स्वाभाविक उत्साह के साथ यह बताया है कि शक्ति का सम्मान के तहत आंगनबाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना कर दिया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हरेक पंचायत में एक न्याय मित्र या पैरा-लीगल पेशेवर को नियुक्त किया जाएगा। पहली नजर में यह भी सामाजिक रूप से एक उपयोगी योजना नजर आती है। पांचवीं गारंटी के तहत प्रत्येक जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाने की बात कही गई है।

> “ यह बात छिपी नहीं है कि जन-धन योजना हो या उज्ज्वला योजना या स्वच्छता या आवास संबंधी योजनाएं, ऐसी तमाम योजनाओं ने भाजपा की बुनियाद को मजबूत किया है। इससे भी बड़ी बात यह है कि इन तमाम योजनाओं से सीधे महिलाओं को लाभ हुआ है और भाजपा की जीत में महिलाओं के योगदान से कौन इनकार कर सकता है?

महिला केंद्रित इन पांच गारंटी की सामाजिक चर्चा सुनिश्चित है, किंतु चुनावी रूप से इसका कितना असर होगा, कहना मुश्किल है। महिला वोटरों को रिझाने की कोशिश से पहले कांग्रेस युवाओं के लिए भी पांच बड़ी घोषणाएं कर चुकी है। पहली नौकरी पक्की योजना के तहत युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा 30 लाख रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का भी वादा कांग्रेस ने किया है, जिसमें परीक्षा की तारीख से लेकर नियुक्ति तक की स्पष्ट समय-सीमा होगी। वाकई देश में कई कारणों से अनेक बड़ी भर्तियों में जरूरत से ज्यादा समय लग रहा है और इसका चुनावी लाभ कांग्रेस उठाना चाहती है, तो आश्चर्य नहीं। पार्टी ने पेपर लीक से मुक्ति का कानून बनाने का भी वादा किया है। अगर कांग्रेस सत्ता में आने पर रोजगार क्रांति का वादा कर रही है, तो यह नौजवान वोटरों की नब्ज पर हाथ रखने की कोशिश ही है। दूसरी पार्टियों के घोषणापत्र में भी रोजगार का मुद्दा खास रहने वाला है।

कांग्रेस की घोषणाओं का अपना महत्व है, लेकिन यही घोषणाएं अगर मजबूत विपक्षी 'इंडिया ब्लॉक' के मंच से होतीं, तो क्या इससे ज्यादा लाभ की संभावना नहीं होती? गठबंधन की मुश्किल राह पर क्या कांग्रेस की इन घोषणाओं का सकारात्मक फायदा होने वाला है? क्या कांग्रेस के पास इतने कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की इन घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें? तमिलनाडु की सरकार हो या दिल्ली की सरकार, महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की सबकी कोशिशें स्वाभाविक हैं। महिला मतदाताओं को रिझाने और अपने पाले में उनके वोट लाने के लिए अब ज्यादा समय नहीं है, लेकिन इतना तो तय है कि महिलाओं और युवाओं को प्रत्यक्ष लाभ देकर रिझाने की ये कोशिशें उनके बेहतर भविष्य की ओर इशारा कर रही हैं।

> “ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सीएए और इससे होने वाले कथित नुकसान को अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने इस कानून को बंगाल के दोबारा विभाजन का खेल बता दिया है। वह सवाल उठा रही हैं कि केंद्र चार साल तक इस मुद्दे पर चुप क्यों रहा? वह इसे बंगाल को विभाजित कर बंगालियों को देश से खदेड़ने की कोशिश के तौर पर मुद्दा बनाने में जुट गई हैं।

# नागरिकता (संशोधन) कानून : पूर्वोत्तर में नागरिकता की ज्यादा चिंता

प्रभाकर मणि त्रिपाठी



नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, यानी सीएए के लागू किए जाने की अधिसूचना जारी होते ही पश्चिम बंगाल के साथ समूचे पूर्वोत्तर भारत में इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है। अंतर यह है कि पश्चिम बंगाल में जहां ममता बनर्जी सरकार इसकी मुखालफत कर रही है, तो पूरे पूर्वोत्तर में छात्र व सामाजिक संगठन और विपक्षी राजनीतिक दल। इस कानून का सबसे ज्यादा विरोध 'पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार' कहे जाने वाले असम में हो रहा है। इस विरोध-प्रदर्शन की कमान राज्य के ताकतवर छात्र संगठन अखिल असम छात्र संघ (आसू) के हाथों में है। उसके बैनर तले इस कानून के खिलाफ जगह-जगह मशाल जुलूस निकाले जा रहे हैं। यह संगठन भी अब इस मुद्दे पर अपने सवाल लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रहा है।

असम समेत पूर्वोत्तर के ज्यादातर राज्यों में भाजपा व उसका गठबंधन सत्ता में है। जाहिर है, केंद्र ने इसे लागू करने के नतीजों का गुणा-भाग किया ही होगा। हालांकि, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का दावा है कि आसू जैसे संगठनों व विपक्ष के विरोध का आम चुनाव पर कोई असर नहीं होगा। उन्होंने विरोध करने वाले संगठनों से कड़ाई से निपटने की बात भी कही है। हिमंता ने साफ कहा है कि अगर किसी को इस कानून पर ऐतराज है, तो वह अदालत की शरण में जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा है कि अगर राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के लिए आवेदन नहीं करने वाले एक भी व्यक्ति को नागरिकता मिलती है, तो वह इस्तीफा देने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

फिलहाल भाजपा इस बात का प्रचार करने में जुट गई है कि इस कानून के लागू होने के बाद असमिया लोगों पर कोई खतरा नहीं पैदा होगा। पार्टी का कहना है कि विपक्षी दल और कुछ संगठन इस कानून की गलत व्याख्या करके आम लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार ने इससे संबंधित नियमों में उनकी भाषा, संस्कृति व पहचान सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया है।

वहीं, पूर्वोत्तर में विपक्षी कांग्रेस और त्रिपुरा व मेघालय के स्थानीय आदिवासी राजनीतिक दल इस मुद्दे को भुनाने में जुट गए हैं। त्रिपुरा में टिपरा स्टूडेंट्स फेडरेशन की दलील है कि यह कानून आदिवासियों के हितों के खिलाफ है। इससे इस तबके के लोग अपने ही घर में बेगाने बनने को मजबूर हो जाएंगे। मेघालय में तमाम आदिवासी संगठन इस कानून के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। ऐसे में, अंदेशा यही है कि इस कानून से भाजपा को पूर्वोत्तर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ज्यादातर राज्यों में सत्ता में होने और अपने संगठन की मजबूती के कारण मौजूदा हालात से निपटने का उसे पूरा भरोसा भी है। दूसरी ओर, कांग्रेस ने तमाम विपक्षी दलों को लेकर एक साझा मंच बना लिया है और इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आई है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सीएए और इससे होने वाले कथित नुकसान को अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने इस कानून को बंगाल के दोबारा विभाजन का खेल बता दिया है। वह सवाल उठा रही हैं कि केंद्र चार साल तक इस मुद्दे पर चुप क्यों रहा? वह इसे बंगाल को विभाजित कर बंगालियों को देश से खदेड़ने की कोशिश के तौर पर मुद्दा बनाने में जुट गई हैं।

हालांकि, यहां एक तबका ऐसा भी है, जो इस कानून के लागू होने से बेहद खुश है। मतुआ समुदाय के ये लोग उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले के अलावा नादिया जिले में भारी तादाद में रहते हैं। करीब तीन करोड़ की आबादी वाला यह समुदाय राज्य विधानसभा की कम से कम 50 सीटों पर निर्णायक स्थिति में है। इस समुदाय को भाजपा का समर्थक माना जाता है, और यह लंबे अरसे से नागरिकता (संशोधन) कानून की मांग कर रहा था। माना जा रहा है कि सीएए लागू होने से नागरिकता और दूसरे मौलिक अधिकारों को लेकर इस समुदाय में पसरी आशंका खत्म हो जाएगी।

स्पष्ट है, सीएए लागू हो जाने के बाद आगामी चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य बदल सकता है। केंद्र सरकार ने सीएए के जरिये पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय और असम में बंगाली हिंदू वोटरों को साधने की कोशिश की है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, असम की 3.12 करोड़ की आबादी में 70 लाख से भी ज्यादा बंगाली हिंदू है। राज्य में असमिया हिंदुओं के बाद बंगाली हिंदू दूसरा सबसे बड़ा हिंदू समुदाय है।

मगर असम समेत तमाम पूर्वोत्तर राज्यों में इस कानून के विरोध से निपटना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। सवाल है कि पूर्वोत्तर में इसका इतना विरोध क्यों हो रहा है? दरअसल, असम के लोगों को डर है कि इससे पड़ोसी देशों से आने वाले शरणार्थियों की बाढ़ के कारण असमिया लोगों की भाषा, संस्कृति, इतिहास और पहचान खतरे में पड़ जाएगी। यहां इस बात का जिक्र जरूरी है कि करीब चार साल पहले इस कानून के संसद में पेश होने पर भी असम में इसके खिलाफ भारी हिंसा और आगजनी हुई थी, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी और यह राज्य लंबे समय तक कर्फ्यू व अशांति की चपेट में रहा।

विरोधियों की दलील है कि सीएए 1985 के उस असम समझौते का उल्लंघन है, जिसे राज्य के लोगों की जीवन रेखा माना जाता है। उस समझौते में कहा गया था कि 25 मार्च, 1971 के बाद असम में अवैध रूप से आने वाले तमाम लोगों को घुसपैठिया मानते हुए राज्य से निकाल दिया जाएगा, जबकि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत 31 दिसंबर, 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान किया गया है।

पूर्वोत्तर के दो अन्य राज्यों- त्रिपुरा और मेघालय में छात्र और सामाजिक संगठनों का इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आना भी अप्रत्याशित नहीं है। इन संगठनों का कहना है कि इस कानून के तहत यहां भारी तादाद में 'बाहरी' लोगों को नागरिकता मिल जाएगी, जिससे जनसांख्यिकीय संतुलन बिगड़ सकता है। जाहिर है, सीएए लागू हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर का चुनावी परिदृश्य काफी दिलचस्प बन गया है। सवाल यही है कि भाजपा इसका चुनावी लाभ उठा पाएगी या विरोधी इसको अपने पक्ष में भुनाने में कामयाब होंगे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भुट्टो 11 साल तक खुद को बताते रहे भारतीय

विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार

जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत के खिलाफ जितनी नफरत का इजहार किया, उतनी नफरत शायद ही किसी अन्य पाकिस्तानी नेता ने दिखाई हो। यह उनकी शख्सियत का एक पहलू था। दूसरा पहलू यह भी था कि वह पाकिस्तान बनने के बहुत बाद तक अपने को 'भारतीय' ही साबित करने में लगे रहे। वह आजकल फिर खबरों में हैं, क्योंकि पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को साल 1979 में दी गई फांसी पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने माना कि फांसी दिए जाने से पहले भुट्टो को निष्पक्ष सुनवाई का मौका नहीं दिया गया था। बहरहाल, भुट्टो पाकिस्तान बनने के 11 साल तक अपने को अदालतों में भारतीय ही बता रहे थे। वह भारत में अपने परिवार की संपत्ति को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। भुट्टो के पिता सर शाहनवाज भुट्टो का मुंबई के चर्चगेट में एस्टोरिया होटल और वर्ली में 'माई नेस्ट' नाम से एक बंगला था।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान की डायरी में 3 मार्च और 30 जून, 1967 की दो प्रविष्टियां अहम हैं। उनमें से एक इस प्रकार है : 'भारत से कुछ दस्तावेज मेरे हाथ आए, जिसमें बताया गया है कि भुट्टो 1958 तक दावा करते रहे थे कि वह एक भारतीय नागरिक हैं और कराची में केवल अस्थायी रूप से रह रहे हैं। इससे पता चलता है कि यह आदमी (भुट्टो) कितना बेईमान और घटिया इंसान है।'

दूसरी प्रविष्टि में लिखा है, 'यह सब हमें तब तक पता नहीं चला, जब तक कि इस मामले पर भारतीय संसद में चर्चा नहीं हुई।' दरअसल, भारत के केंद्रीय पुनर्वास मंत्री महावीर त्यागी ने 9 नवंबर, 1965 को राज्यसभा में बताया था कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री जेड ए भुट्टो विभाजन के समय अपने माता-पिता के साथ बंबई के निवासी थे और उनके पास वहां कई संपत्तियां थीं। उन्हें 6 जुलाई, 1949 को इवेक्यू (विस्थापित) घोषित कर दिया गया था। इसके बाद भुट्टो की मुंबई में संपत्तियों को शत्रु संपत्ति के रूप में ले लिया गया था। भुट्टो ने इस फैसले को कस्टोडियन जनरल और भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक में चुनौती दी। वह फिर अगले नौ वर्ष तक अपना केस पाकिस्तान में रहकर लड़ते रहे। बाद में भुट्टो ने 11 सितंबर, 1957 को भारत के सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह अपनी संपत्ति से जुड़े सभी मामलों को वापस लेते हैं। वह 1957 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य बने, फिर 1958 में अयूब खान की सरकार में मंत्री बने।

> बहरहाल, एक सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल सका है कि क्या एक हिंदू मां के बेटे जुल्फिकार अली भुट्टो का भारत विरोधी होना जरूरी था?

कहने वाले तो कहते हैं कि भुट्टो भारत के खिलाफ जहर इसलिए उगलते रहे, क्योंकि उनके राजनीतिक विरोधी उनसे बार-बार सवाल पूछते थे कि उन्होंने 1947 में पाकिस्तान की नागरिकता स्थायी रूप से क्यों नहीं ली? अपने को पक्का पाकिस्तानी साबित करने के लिए वह भारत के खिलाफ बकवास करते थे। वह 1973 से 1977 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। जरा सोचिए, जो शख्स पाकिस्तान के टूटने का अहम किरदार था, वह 1973 के पाकिस्तान के आम चुनाव में जीतकर मुल्क का प्रधानमंत्री बन गया। बना इसलिए, क्योंकि उसने भारत-पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति के बाद संयुक्त राष्ट्र सभा को संबोधित करते हुए भारत को पानी पी पीकर कोसा था। इसके चलते पाकिस्तानी अवाम ने उनकी पाकिस्तान को तोड़ने की खता को माफ कर दिया।

भुट्टो ने ही 1965 में अयूब खान को देश के विदेश मंत्री रहते हुए कश्मीर में घुसपैठियों को भेजने के लिए उकसाया था। अयूब खान से मतभेद होने के कारण ही उन्होंने अपनी नई पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी 1967 में बनाई। भारत से 1965 के युद्ध के बाद उन्होंने ही पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम का शुरुआती ढांचा तैयार किया था। ऐसे नेता को 4 अप्रैल, 1979 को फांसी पर लटका दिया गया, क्योंकि उन पर अपने राजनीतिक विरोधी मोहम्मद अहमद खान कसूरी को मरवाने का इल्जाम लगा। अब साफ है कि उनके साथ अदालत ने भी इंसाफ नहीं किया। जिंदगी भर भारत से नफरत करने वाले भुट्टो खुद अपने देश में नफरत के शिकार हुए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## जानकारी

### होली की तारीख को लेकर कंफ्यूज तो नहीं

होली की तारीख को लेकर कंफ्यूजन की स्थिति बन रही है। पूर्णिमा तिथि के 24 मार्च को देर से शुरू होने और फिर पूरे दिन भद्रा होने से ऐसी स्थिति बन रही है। इस वर्ष होली की तारीख को लेकर कुछ लोगों में कंफ्यूजन की स्थिति बन रही है। दरअस पूर्णिमा तिथि के 24 मार्च को देर से शुरू होने और फिर पूरे दिन भद्रा होने से ऐसी स्थिति बन रही है। भद्रा में होलिका दहन किसी भी हालत में नहीं किया जाता है। इसलिए भद्रा के बाद रात को 24 मार्च 11 बजे के होलिका दहन का मुहूर्त बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार 24 मार्च को भद्रा पुच्छ काल शाम 6.34 बजे से शाम 7.54 बजे तक रहेगा, वहीं शाम 7.54 बजे से रात 10.07 बजे तक भद्रा मुख काल रहेगा। भद्रा काल में होलिका दहन भूलकर भी नहीं किया जाता, इसलिए होलिका दहन का मुहूर्त इसके बाद 11.13 बजे से बन रहा है। मुहूर्त 24 मार्च की रात 11.13 बजे से 12.33 के बीच सबसे उत्तम है। पूर्णिमा 24 मार्च सुबह 9.55 बजे से 25 मार्च दोपहर साढ़े 12 बजे तक है।

## धर्म-दर्शन

### मौली के धागे रखते हैं आपको सुरक्षित

मौली के धागे का हिंदू धर्म में विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मौली के कच्चे धागे भी अदृश्य कवच की तरह मनुष्य की सुरक्षा करते हैं। आइए जानते हैं कौनसे रंग के मौली के धागे आपके लिए लाभकारी रहेंगे।

अपनी सुरक्षा के लिए मनुष्य हर संभव प्रयास करता है। जहां एक ओर धातुओं से बना कवच व्यक्ति की रक्षा करता है, वहीं अगर मंत्रों की शक्ति, अध्यात्म-हिन्दु संस्कृति की मानें तो मात्र कुछ मंत्रों के उच्चारण के साथ बांधे गए कच्चे धागे भी अदृश्य कवच की भांति मनुष्य की रक्षा करते हैं। नजर दोष, भूत-प्रेत बाधा के लिए भी यह धागे कारगर सिद्ध होते हैं। कच्चे सूत से तैयार किया यह धागा कलावा, कलाईनारा, मौली आदि विभिन्न नामों से जाना जाता है जिसमें कई रंगों का समावेश होता है, लेकिन मुख्यत: लाल और पीला रंग अधिकतम दिखाई देता है। प्रत्येक मांगलिक कार्य में इसलिए इन शुभ रंगों को संजोए कलावे का प्रयोग आवश्यक माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार लाल रंग का संबंध मुख्यत: सूर्य और मंगल ग्रह से है और पीला रंग देवताओं के गुरु देवगुरू बृहस्पति का प्रतीक है। बृहस्पति ज्ञान का कारक ग्रह है।

मौली बांधने से जहां एक ओर ज्ञान की वृद्धि होती है, वहीं दूसरी ओर साहस, आत्मविश्वास और पराक्रम में वृद्धि होती है। कहते हैं जिस भी देवी-देवता की पूजा करके यह कलावा अथवा रक्षा सूत्र बांधा जाता है, उस देवी-देवता की अदृश्य ऊर्जा शक्ति धागों में समाहित होकर मनुष्य की मनोकामना पूर्ण करने के साथ रक्षा करती हैं। सदियों से माना जाता है कि कलाई पर कलावा बांधने से जीवन पर आने वाले संकट से रक्षा होती है और ग्रह अनुकूल होते हैं। कलावे को बांधने के धार्मिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। विशेषज्ञों के अनुसार शरीर के कई प्रमुख अंगों तक पहुंचाने वाली नसें कलाई से होकर गुजरती हैं। कलाई पर मौली या कलावा बांधने से इन नसों की क्रिया नियंत्रित रहती है। एक्यूप्रेशर की भांति कलाई पर इन धागों का दबाव बनने के कारण त्रिदोष यानी वात, पित्त और कफ का सामंजस्य बना रहता है और कई प्रकार की बीमारियां दूर होने लगती हैं।

कलावा बंधवाते समय आपकी मुट्ठी बंधी होनी चाहिए और आपका दूसरा हाथ सिर पर रखा होना चाहिए। नवरात्रि, दीपावली आदि विशेष पर्वों पर पुराने कलाईनारे के स्थान पर नया कलाईनार अवश्य धारण करना चाहिए। कलावे को केवल हाथ की कलाई पर ही नहीं, बल्कि गले, कमर में भी बांधा जाता है। वाहन, बही-खाता, मेन गेट, चाबी के छल्ले और तिजोरी पर पवित्र मौली बांधने से लाभ होता है। मौली से बनी सजावट की वस्तुएं घर में रखने से नई खुशियां आती हैं। जिन घरों में भूत-प्रेत अथवा किसी भी प्रकार की उपरी बाधा हो, वहां कलाईनारे में सुपारी, लौंग, इलायची अभिमंत्रित कर शुभ मुहूर्त में बांधी जाती है ताकि नकारात्मक उर्जा वहां से कोसों दूर रहे। कलावे को मंत्र पढ़कर कलाई में बांधने से यह सूत्र त्रिदेवों और त्रिशक्तियों को समर्पित होकर धारण करने वाले प्राणी की सब प्रकार से रक्षा होती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार यह माना जाता है कि असुरों के दानवीर राजा बलि की अमरता के लिए भगवान वामन ने उनकी कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधे थे। शास्त्रों के अनुसार मौली बांधने से त्रिदेव, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और तीनों देवियों, लक्ष्मी, पार्वती और सरस्वती की कृपा बरसती है।

# विकास के लिए तो मौका मिलना ही बड़ी बात

> लोकसभा चुनाव में हवा भाजपा के पक्ष में बनी हुई है। केंद्र में भी माना जा रहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। मोदी ही तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। इसी तरह रायपुर लोकसभा सीट का क्या होगा सब जानते हैं। जीतेगी तो भाजपा ही क्योंकि भाजपा ने रायपुर सीट को निश्चित रूप से जीतने के लिए ही अपने अनुभवी और निरंतर चुनाव जीतने वाले नेता को रायपुर लोकसभा से भाजपा का उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस की तरफ से चर्चा जरूर रही कि रायपुर से लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल को चुनाव लड़ाया जाएगा ताकि रायुपर की सीट कांग्रेस निश्चित रूप से जीत सके। कांग्रेस की पहली सूची आई तो उसमें भूपेश बघेल का नाम रायपुर की जगह राजनांदगाव सीट से था। यह देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ कि भूपेश बघेल को राजधानी रायपुर जैसी प्रतिष्ठित सीट से चुनाव लड़ाने की जगह राजनांदगांव से क्यों लड़ाया जा रहा है।

वैसे तो भूपेश बघेल ने शुरू में लोकसभा चुनाव लड़ने से ही मनाकर दिया था वह लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव जिताने के लिए प्रचार करना चाहते थे। यह आसान काम भूपेश इसलिए चाहते थे कि इसमें हार होती तो ठीकरा प्रत्याशियों के सिर फोड़ा जा सकता था, प्रत्याशी जीत जाते तो पूरा श्रेय भूपेश बघेल को मिलता। यानी उनकी बड़े नेता का छबि बनी रहती और वह राज्य के बड़े नेता बने रहते।

आलाकमान ने उनकी बात नहीं सुनी और लोकसभा चुनाव लड़ना ही कहा तो हो सकता हो भूपेश बघेल ने कहा हो कि वह चुनाव लड़ेंगे तो राजनांदगांव से




लड़ेगे।राजनांदगांव को भूपेश बघेल ने इसीलिए चुना होगा कि यहां उनकी जीतने के मौके हैं। रायपुर में तो उनके जीतने के चांसेज ही नहीं हैं। बृजमोहन अग्रवाल से जीतना उनके लिए तो बहुत मुश्किल था, हार जाते तो बहुत फजीहत होती कि बृजमोहन अग्रवाल से हार गए। अब आप काहे के बड़े नेता। भूपेश बघेल आलाकमान की नजर में बड़े नेता तो तब ही बन रह सकते हैं जब चुनाव जीतें। राज्य के भी बड़े नेता त ही बने रह सकते हैं कि जब वह चुनाव जीतें।

राज्य व केंद्र में बडे नेता बने रहना है तो भूपेश बघेल के लिए चुनाव जीतना जरूरी है।भूपेश बघेल ने राजनांदगांव को जीतने के लिए ही चुना है। राजनीति में कुछ भी हो सकता है हो सकता है कि वह चुनाव हार जाए। उनकी हालत भी रमन सिंह जैसी हो जाए। वह विधानसभा चुनाव तो हार चुके हैं,बड़े नेता की इमेज पर सवालिया निशान तो लग ही गया है। जीते तो ठीक, हारे तो रमन सिंह की गति तो तय है।

जहां तक रायपुर में विधानसभा चुनाव में हारे विकास उपाध्याय को मौका दिया गया है।उनकी जीतने की उम्मीद बहुत कम है,यह तो विकास उपाध्याय के लिए कोई बुरी बात नहीं है। उसके लिए यही बड़ी बात है कि उसे सांसद चुनाव लड़ने के योग्य समझा गया। नेताओं का कई दशक लग जाते हैं सांसद का चुनाव लड़ने के लिए। कई लोगों को तो पूरे जीवन भर मौका नहीं मिलता है। विकास उपाध्याय यदि बृजमोहन अग्रवाल के जीत के अतंर को भी कम कर सके तो यह उनकी बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी तथा हो सकता है कि अगल लोकसभा चुनाव में विकास को लोकसभा की टिकट फिर दे दिया जाए।

विकास उपाध्याय के लिए लोकसभा का चुनाव लड़ना ही बड़ी बात है। वह भी बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ जो आज तक कोई चुनाव हारे नहीं हैं। वह बृजमोहन को हरा देंगे तो बड़े नेता माने जाएंगे। हार गए तो भी आलाकमान की गुड बुक में तो रहेंगे ही कि यह आदमी पार्टी के लिए लड़ता तो है। मालूंम है हारना ही है फिर भी चुनाव लड़ना उनको जुझारू व योध्दा तो बनाता है


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239



Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196



गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर



### विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 44.5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर।** स्कूल शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में 16 आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए एक-एक लाख रुपये के मान कुल 16 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेवरती, भीरावाही, पटौद, पुसवाड़ा, गढ़पिछवाड़ी, सिंगारभाट, दसपुर, मोहपुर, तेलावट, तालाकुर्रा, भैराडीह, डोमाहर्रा, कुरिष्टिकुर, धनेलीकन्हार, पीढ़ापाल और पोटगांव के आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 01-01 लाख रुपये के मान से 16 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इन्द्रप्रस्थ के नयागोण्डाहूर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 11 लाख रुपए और ग्राम पंचायत सिकसोड़ में उचित मूल्य की दुकान भवन निर्माण के लिए 10 लाख 50 हजार रुपए तथा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बैजनपुरी में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर द्वारा प्रदान की गई। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला के मंचादूर में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य के लिए 02 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देश पर विगत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने सेक्टर पुलिस अधिकारियों के कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि अपने सेक्टर में दौरा करते हुए यह देखना होगा कि आदर्श आचार संहिता का किसी तरह से उल्लंघन ना हो। साथ ही असुरक्षित समूहों का चिन्हांकन कर उन्हें बिना भय और बिना लालच के मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अपने ही लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में संलग्न पुलिस अधिकारी निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) के माध्यम से मतदान कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें प्रपत्र 12 क में आवेदन करना होगा। इसी तरह अन्य लोकसभा क्षेत्र के मतदाता होने पर उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा मिलेगी जिसके लिए उन्हें प्रपत्र 12 में आवेदन करना होगा। प्रशिक्षण में डी एस पी और नोडल अधिकारी सारिका वैद्य तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### उड़न दस्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिन्हें विगत दिवस जिला पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उड़नदस्ता का कार्य आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिन से मतदान समाप्ति तक चलेगा। इनका काम मुख्यत: शिकायत आधारित होता है। मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए शराब, उपहार सामग्री या नकद राशि आदि का वितरण करने की शिकायत या सूचना मिलने पर इन्हें तुरंत छापामार कार्यवाही करनी होगी। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी नजर रखनी होगी। इन्हें अपने द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों का कमेंट्री करते हुए वीडियोग्राफी करना आवश्यक है। उड़न दस्ता दल द्वारा अपने द्वारा की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्धारित प्रपत्र में देनी होगी। इसके अलावा जब्ती की कार्यवाही करने पर इलेक्शन सीज़र्स मैनेजमेंट सिस्टम मोबाइल एप के द्वारा भी इसकी जानकारी देनी होगी। प्रशिक्षण में इलेक्शन सुपरवाइजर आर. के. बारले, जिला सूचना अधिकारी देवेन्द्र साहू, सहायक प्रोग्रामर नागेश साहू, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से हो रहा है सीटी स्कैन

# जरूरतमंद तबकों के लिए आयुष्मान बना संजीवनी

### जिला अस्पताल में गरीब मरीजों का बढ़ा विश्वास

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरिया। बैकुण्ठपुर स्थित जिला अस्पताल सहित प्राथमिक, सामुदायिक अस्पताल को लेकर बैकुण्ठपुर के विधायक भइया लाल राजवाड़े एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह बहुत ही गंभीर हैं। मरीजों के बेहतर इलाज हो, इसके लिए लगातार जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं।




प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं विधायक भइया लाल राजवाड़े के प्रयासों के कारण विगत दिनों बड़ी संख्या में डाक्टरों की पदस्थपना आदेश भी हुए हैं।

जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस सेंगर ने जानकारी दी कि जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन में अब तक 1 हजार 420 मरीजों का सीटी स्कैन हुआ है, इनमें से 870 मरीजों के आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क जांच की गई है। जिला अस्पताल में डायलिसिस मशीन होने से करीब 1 हजार 641 मरीजों का डायलिसिस किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मरीजों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है, जिसके तहत गर्भावस्था माताएं और बच्चे के जन्म के समय, नवजात एवं शिशुओं के स्वास्थ्य, बाल एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों की जांच, बुजुर्गों और प्रशामन स्वास्थ्य देखभाल, आंख, कान, नाक एवं गला से संबंधित रोगों के देखभाल के लिए आपातकालीन चिकित्सकीय सेवाएं के अलावा मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं भी दी जा रही है। जिला अस्पताल में निश्चेतना विशेषज्ञ एवं रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना होने से अंचल के मरीजों को लाभ मिलेगा। सोनोग्राफी मशीन लगने से सोनहतवासियों की तकलीफ दूर हुई है। सोनहत विकासखण्ड के रामगढ़ क्षेत्र के गर्भवती माताओं को इलाज एवं सोनोग्राफी के लिए 80 किलोमीटर का सफर करते हुए बैकुण्ठपुर जिला अस्पताल आना होता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनहत में सोनोग्राफी मशीन स्थापित होने से 413 गर्भवती माताओं को नि:शुल्क जांच की गई और इस तरह आर्थिक, मानसिक व शारीरिक समस्याओं से छुटकारा भी मिलने लगी है।

बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के सरईगहना स्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर की व्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राष्ट्रीय प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक 17 हाट बाजारों में करीब 74 हजार मरीजों की जांच, दवाई दिए गए हैं। इन हाट बाजारों में शिविरों के माध्यम से हीमोग्लोबिन, खून, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, मलेरया व अन्य रोगों की जांच की जाती है। बता दें वर्ष 2022-23 हेतु प्रदेश में कोरिया जिले को पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

# बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन ने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आम नागरिको से अपील की गई है कि बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग प्रदान करें। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्गम उल्लंघन हैं। बाल विवाह से पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। उनके स्वास्थय पर गंभीर असर पड़ता है। जल्दी विवाह अर्थात जल्दी माँ बनना इसके कारण कम उम्र में मॉ और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। कम उम्र की माँ के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है और उनके कुपोषित होने की आशंका रहती है। अत: जिले वासी से अपील है कि बाल विवाह ना करे एवं बाल विवाह ना होने देवे। बाल विवाह की रोकथाम में शासन प्रशासन का सहयोग करे।




17 अप्रैल 2024 को रामनवमी के दिन से वैवाहिक सीजन शुरू हो जाता है। अबूझ मुहूर्त के कारण अक्षय तृतीया के दिन भी बड़ी संख्या में शादियों होती है। ग्रामीण अंचलों में तो आर्थिक रूप से कमजोर परिजन अपने बच्चों की कम उम्र में ही शादी कर देने तैयार हो जाते है जो कि कानूनन गलत है। ऐसे बालक-बालिका जो कि नाबालिक है उनकी शादी ना हो, उनके लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से सक्रिय है। जिले में बाल विवाह की पूर्णत: रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग पूरे जिले में नजर रखने की तैयारी कर चुका है। जिले के साथ ग्रामीण अंचल में काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के माध्यम से किसी भी गांव या शहर के कम उम्र के बालक या बालिका की शादी ना हो इसकी मॉनिटरिंग शुरू कर दी गई है। विभागीय अमला पूरी सक्रियता के माध्यम से कार्य कर रहा है। 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कानूनन प्रतिबंधित है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है, उसमें सहायता करता है, बाल विवाह को बढ़ावा देता है, उसकी अनुमति देता है अथवा बाल विवाह में सम्मिलित होता है, को 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपये तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## मंत्रालय में दूसरे चरण का छत्तीसगढ़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन में दूसरे चरण का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। प्रशिक्षण में मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ी का व्यवहारिक रूप से उपयोग में लाये जाने के साथ शासकीय कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा में कार्य करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षिणार्थियों को लोक व्यवहार और प्रशासनिक कार्यो में छत्तीसगढ़ी के उपयोग और शब्दावलियों की विस्तार से जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग नवा रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में 11, 12 एवं 13 मार्च को करीब 350 मंत्रालयीन अधिकारियों-कर्मचारी ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ी राजभाषा के प्रशासनिक उपयोग के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ी राजभाषा के पहले चरण का प्रशिक्षण मंत्रालय में 26 से 28 फरवरी 2024 को दिया जा चुका है। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ी में आवेदन, आदेश, परिपत्र एवं अन्य कामकाज का व्यवहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल कुमार भतपहरी ने छत्तीसगढ में छत्तीसगढ़ी के सांस्कृतिक महत्व, लोकभाषा शिक्षा और पाठ्यक्रम में शामिल करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ी के संरक्षण और लोक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस आज डॉ. राजेश दुबे ने छत्तीसगढ़ी को दैनिक बोलचाल में छत्तीसगढ़ी का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने छत्तीसगढ़ी के शब्द कोष, वर्तनी, व्याकरण एवं छत्तीसगढ़ी का छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी के रचनाकर डॉ. रामेश्वर शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा के दैनिक व्यावहार में उपयोग में प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य भी शामिल हुए। प्रशिक्षण में मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग डहन ले आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को राजकीय काम-काज में छत्तीसगढ़ी के प्रयोग लाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्रालयीन अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## अस्पतालों में मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कार्य करें: कलेक्टर विनय कुमार लंगेह

**कोरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा लगातार प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना एवं स्टाफ की पूर्ति के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे है। विगत दिनों कोरिया जिले के विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है।

इसी कड़ी में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति के कार्यकारिणी की बैठक हुई। विभिन्न विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के मंशानुसार हर हाल में हम सबको मरीजों के बेहतरी के लिए काम करना है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व परिजनों के साथ शालीनता से व्यवहार करें और उन्हें बेहतर जांच-उपचार उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई रखे साथ ही डॉक्टरों, नर्सो व अन्य कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने तथा लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने एजेण्डा पर बिन्दुवार चर्चा करते हुए जीवन दीप समिति के आय-व्यय के मदों पर विस्तृत चर्चा की।

## पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम गठित

**गरियाबंद।** जिले में ग्रीष्म काल अवधि के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं पेयजल की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। पीएचई विभाग के उपखंड एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी जारी किए गए है। पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के कोई भी व्यक्ति संपर्क कर सकेंगे। साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18002330008 पर भी संपर्क कर सकते है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड 3 अखिलेश सूर्यवंशी मोबाइल नंबर 8349653911 को बनाया गया है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड गरियाबंद ने बताया कि विकासखंड गरियाबंद एवं मैनपुर अंतर्गत पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए सहायक अभियंता पीएचई जागेश्वर मरकाम मोबाइल नंबर 9131400350, उप अभियंता गोपाल ध्रुव 9131877228 एवं उप अभियंता उगेश मंडावी 7879862750 से संपर्क कर सकते है।

### विधायक ने किया ग्राम खम्हरिया समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन किया

# 14000 से ज्यादा परिवारों को मिलेगा घरेलू नल कनेक्शन: विधायक ईश्वर साहू

### परिवार के तकरीबन 74000 से अधिक सदस्यों को मिलेगा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना र्गत विधायक साजा ईश्वर साहू ने बीते मंगलवार को बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा के ग्राम खम्हरिया में समूह जल प्रदाय योजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य (सभापति बेमेतरा) गोवेन्द्र पटेल श्री ज्वाला ठाकुर, बल्लू साहू, स्वरूपानंद साहू पूर्व सरपंच ग्राम खम्हरिया सीताराम साहू पंच, सुकल साहू पंच, व्यास साहू पंच, पूर्णानंद साहू, परमेश्वर साहू आदि उपस्थिति थे। अतिथियों का स्वागत कार्यपालन अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आर.के धनंजय ने किया।



विधायक ईश्वर साहू नए कहा कि इससे क्षेत्र के 62 ग्रामों को शिवनाथ नदी से प्राप्त जल को शुद्धिकरण संयंत्र द्वारा मीठा जल प्रदाय किया जाएगा। जिनमें लगभग 14356 परिवारों को घरेलू जल कनेक्शन के माध्यम से (स्वच्छ) मीठा जल प्रदाय होगा। परिवारों के लगभग 74690 की सदस्य लाभान्वित हो होंगे।

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आरके धनंजय ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत इस पर लगभग 70 करोड़ खर्च होंगे। इस योजना के मुख्य घटकों में 6.5 एमएलडी (65 लाख लीटर) आवक क्षमता का जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण किया जाएगा एवं 6 मी. व्यास का इंटेकवेल स्ट्रक्चर निर्माण, 4 नग आरसीसी एमबीआर (उच्चस्तरीय जलागार) निर्माण, क्लियर वाटर पंपिंग मेन (लगभग 51 किमी) विभिन्न व्यास के लगभग 148 किमी पाईप लाईन विस्तार तथा अन्य कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जावेगा।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

प्रधानमंत्री मोदी के सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी फैसिलिटी पर दिए व्याख्यान

# एनआईटी रायपुर में पीएम के शिलान्यास कार्यक्रम का किया लाइव प्रसारण



**रायपुर (ए.)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी फैसिलिटी के गुजरात में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, इसके साथ ही संस्थान में सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी पर व्याख्यान सत्रों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ.एनवी रमना राव मौजूद रहे। साथ ही रजिस्ट्रार डॉ. पीवाय ढेकने , सभी डीन, सभी विभागध्यक्ष, सभी फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी भी इस दौरान मौजूद रहे । इस कार्यक्रम का संस्थान के ई. हॉल (विश्वेशरैया हॉल), सीडीसी के पीपीटी हॉल (होमी जेहांगीर भाभा हॉल), वर्चुअल क्लास रूम डी-2 (विक्रम साराभाई हॉल) और कॉन्फ्रेंस हॉल (सीवी रमन हॉल) में वेबकास्ट किया गया।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत से हुई जिसके पश्चात् डीन (एकेडमिक्स), डॉ. वर्मा ने सेमीकंडक्टर पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने टेकेड शब्द के अर्थ के बारे में बात की जो टेक्नोलॉजी और डिकेड का एक संयोजन है। भारत को तेजी से बेहतर होते तकनीकी केंद्र के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र को वैश्विक सेमिकंडक्टर उद्योग में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाने के लिए और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण करने के लिए भारत सेमिकंडक्टर मिशन को भारत सरकार ने स्थापित किया है। नरेंद्र मोदी तीन सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज की शुरुआत करेंगे जिसमे भारत की पहली फैब सुविधा धोलेरा गुजरात में, दूसरी ओएसएटी सुविधा साणंद गुजरात, में और तीसरी ओएसएटी सुविधा मोरीगांव, असम में होंगी।

इसके बाद फिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीके साहू द्वारा सेमीकंडक्टर्स पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने सेमीकंडक्टर के इलेक्ट्रिकल परिदृश्य के बारे में बात की तथा बैंड गैप, बैंड थ्योरी और सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग के बारे में समझाया। उन्होंने सेमीकंडक्टर की तुलना में मानव निर्मित शुद्ध सेमीकंडक्टर के फायदों पर प्रकाश डाला तथा सेमीकंडक्टर की विभिन्न पीढ़ियों, उनके गुणों और प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में उनके महत्व के बारे में भी बात की। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चित्रकांत साहू ने सेमीकंडक्टर को स्मार्ट यंत्रों की रीढ़ बताया तथा सेमीकंडक्टर चिप्स के आकार के संबंध में प्रौद्योगिकी स्केलिंग ट्रेंड्स पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लाइव भाषण में तीन सेमीकंडक्टर यूनिट्स निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि यह दिन ऐतिहासिक होंगा क्योंकि आज हम भारत को सेमिकंडक्टर चिप उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने पूरे राष्ट्र को इस बहुत ही साहसिक कदम के लिए बधाई दी और इस भव्य परियोजना के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और बड़ी संख्या में कॉलेजों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने युवाओं को देश के भविष्य और ताकत का हितधारक बताया। उन्होंने आगे बताया कि कैसे इन सेमीकंडक्टर चिप्स के बिना इस तकनीकी सदी की कल्पना करना असंभव है और इस बात पर जोर दिया कि कैसे ये चिप्स पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे। बहुत कम देश सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण करते हैं और कोरोना के दौरान सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी ने दुनिया को विश्वसनीय सप्लाई चेन की आवश्यकता सिखाई।

इसके बाद, इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट सत्र में सिनॉप्सिस आईएनसी की, सीनियर आरडी, डॉ. नम्रता गुप्ता द्वारा एक ऑनलाइन एक्सपर्ट लेक्चर दिया गया। उन्होंने सेमीकंडक्टर चिप्स की मांग में वृद्धि के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में सेमीकंडक्टर का उपयोग इंटरनेट ऑफ थिंग्स जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सेमिकंडक्टर इकोसिस्टम डिज़ाइन और निर्माण में पाए जाने वाले मुद्दों के लिए किफायती और मजबूत समाधानों पर चर्चा की। उनके प्रेजेंटेशन में डिजाइनिंग और चिप निर्माण कंपनियों के नाम शामिल रहे जैसे कि इंटेल, सैमसंग, सिनॉप्सिस आदि। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ 7 इस कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के संकाय सदस्यों सहित 650 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ के चार जिलों को मोबाईल मेडिकल यूनिट की सौगात



**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के चार जिलों कोण्डागांव, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा मिलने जा रही है। इससे प्रति माह 10 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इसके लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव एमके राउत तथा इंडियन रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन अशोक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ और आरईसी फाउंडेशन के बीच 12 मार्च को मेमोरेंडम ऑफएग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए है। उल्लेखनीय है कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ को कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें एटीएम हेल्थ मशीन की सुविधा होगी, जिसके माध्यम से पचास से अधिक तरह के टेस्ट किए जा सकेंगे एवं मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट देने की सुविधा रहेगी। इन यूनिट्स के माध्यम से वंचित आबादी को मुफ्त दवा सहित घर पर प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। हर यूनिट में डॉक्टर्स, नर्स, लैबटेक्निशियन के साथ बुनियादी स्वास्थ्य उपकरणों की सुविधा उपलब्ध होगी।

# पीएम का संकल्पः हर गरीब को पक्का आवास देना-मंत्री चौधरी

### बालोद के गुरूर में आवासीय योजना अटल विहार योजना का हुआ शुभारंभ



**रायपुर (ए.)।** आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने यहां नवा रायपुर अटल नगर में छत्तीगसढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। उन्होंने कहा कि देश के हर गरीब को पक्का मकान देना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है, जिसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा बखूबी ढंग से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में कोई भी गरीब पक्के आवास से वंचित नहीं होगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 13 दिसंबर को शपथ लेने के पश्चात् 14 दिसंबर को प्रथम केबिनेट की बैठक में ही 18 लाख गरीब परिवारों के लिए पीएम आवास योजना के तहत आवास बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया।

मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ को देश में सबसे तेजी से विकसित होते हुए राज्य और नवा रायपुर को जिले के रूप में जाना जाएगा। नवा रायपुर में विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। हाल ही में नवा रायपुर को आईटी हब के रूप में विकसित करने के लिए दो कंपनियों से एमओयू भी किया गया है।

श्री चौधरी ने जानकारी दी कि नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-30 में प्रधानमंत्री सह मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम फेस सी/4 में 816 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 43.53 करोड़ है, जिसमें से 766 को आबंटित किया गया है एवं 616 का भौतिक आधिपत्य दिया जा चुका है। द्वितीय फेस ए/5 में 560 ई.डब्ल्यू.एस. का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 29.92 करोड़ है। जिसमें से 270 भवनों का आबंटन कर दिया गया है तथा 51 हितग्राहियों द्वारा रजिस्ट्री करा लिया गया है।

मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य अतिथियों द्वारा अटल सुशासन मिशन अंतर्गत सभी योजनाओं की ऑनलाईन समीक्षा के आशय से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के डैश बोर्ड का शुभारंभ किया गया है। डैशबोर्ड में विक्रय योग्य संपत्ति, विक्रित संपत्ति, परियोजना की प्रगति, राजस्व प्राप्ति की समीक्षा करने में सहायता मिलेगी तथा प्रशासन में पारदर्शिता आएगी। अटल विहार योजनांतर्गत गुरूर, जिला बालोद में 13.86 एकड़ भूमि पर 30.37 करोड़ की लागत से 13 नग जुनियर एमआईजी, 37 नग एलआईजी-1, 112 नग एलआईजी एवं 69 नग ईडब्ल्यूएस कुल 231 भवनों का निर्माण किया जाएगा। इस हेतु योजना तैयार कर लिया गया है। श्री चौधरी ने इस अवसर पर आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा इस कार्यक्रम में योजना के ब्रोशर का विमोचन तथा बुकिंग प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। श्री चौधरी ने दामिनी साहू, याशोदा साहू, संगीता, मुधबाला साहू, राजू नंदर, हीना पाल, भुनेश्वरी पाल, मंजू चक्रधारी, दुर्गेश्वरी साहू सहित अन्य 51 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी। सभी हितग्राहियों ने देश के प्रधानमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार जताया और कहा कि हमारा सपना पूरा करने में सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है।

# एसीआई के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में स्थापित हुई नई मशीन



**रायपुर (ए.)।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एसीआई के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग को आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने हृदय, फेफड़े तथा संवहनी तंत्र (सर्कुलेटरी सिस्टम) से जुड़े रोगों के उपचार के लिए छह अत्याधुनिक उपकरण कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के अंतर्गत उपलब्ध कराए है। मंगलवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में स्थापित इन अत्याधुनिक उपकरणों का विधिवत् उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा जनक प्रसाद पाठक, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णुदत्त, अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. तृप्ति नागरिया, अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव, सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू समेत आईसीआईसीआई फाउंडेशन के जोनल हेड विवेकानंद दुबे मौजूद रहे।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इन सभी उपकरणों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आईसीआईसीआई फाउंडेशन द्वारा राज्य के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय के कार्डियक सर्जरी विभाग को उपलब्ध कराए गए इन उपकरणों के माध्यम से हृदय, फेफड़े तथा संवहनी तंत्र के रोगों से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। इन मशीनों के माध्यम से ओपन हार्ट सर्जरी एवं बाईपास सर्जरी की सुविधा और भी आसान हो जाएगी। उन्होंने रामायण के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यहां के डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी का योगदान उसी प्रकार महत्वपूर्ण है जिस प्रकार रामसेतु निर्माण में एक नन्हीं गिलहरी से लेकर प्रभु श्रीराम के साथ जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का योगदान था।

विभागाध्यक्ष हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग डॉ. कृष्णकांत साहू ने उपकरणों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हार्ट सर्जरी आईसीयू के लिए अत्याधुनिक ऑडियो/विजुअल अलार्म, ईसीजी, आरईएसपी, एसपीओटू, एनआईबीपी, आईबीपी, और सीसीओ के लिए कॉन्फिगर किए गए वयस्क/बाल चिकित्सा के एरिदिमिया विश्लेषण हेतु फिलिप्स कंपनी के छह नग मॉनिटर एक सेंट्रल स्टेशन समेत प्रदान किए गए है। इसके साथ ही स्वचालित कैग्युलेशन टाइमर (एसीटी), इकोकार्डियोग्राफ एक्मो मशीन, वॉल्युमेट्रिक पम्प एवं छोटे सर्जिकल प्रोसीजर के लिए एलईडी युक्त स्पॉट लाइट विभाग में स्थापित किया गया है।

# आंगनबाड़ियों का नियमित निरीक्षण करें अधिकारीः मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

### प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए



**रायपुर (ए.)।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने प्रभार जिले सक्ती के कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में प्रथम समीक्षा बैठक ली। उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने के निर्देश दिए।

श्रीमती राजवाड़े ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पोषण आहार वितरण का नियमित निरीक्षण करने तथा बच्चों और गर्भवती माताओं को उचित पोषण आहार देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह आंगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगी, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

श्रीमती राजवाड़े ने राजस्व कार्यों को दुरुस्त करने तथा स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्माण की जानकारी लेते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सर्वे और निरीक्षण कर जरुरतमंद लोगों को प्राथमिकता देते हुए उनसे आवास निर्माण का कार्य कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब हैण्ड पम्प सुधारने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं होने पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

36 लाख 76 हजार महिलाओं को दिए गए गैस कनेक्शन

# पीएम उज्जवला योजनाः महिलाओं को धुंए से मिली निजात



**रायपुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं को खाना बनाने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा हैं। पहले महिलाएं खाना बनाने के लिए लकड़ी, कोयला, कण्डा का उपयोग करती थी। चूल्हे से निकलने वाले धुएं के कारण स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता था। आंखो में जलन होती थी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिल रही हैं। महिलाएं अब झट-पट खाना बनाकर अन्य कामों के लिए भी समय निकाल लेती है। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 36 लाख 76 हजार महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया हैं। रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के ग्राम भुंईयापानी निवासी बिरहोर परिवारों के 60 वर्षीय नान्हीबाई को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें जंगल जाना नहीं पड़ता। ना ही मजबूरी में खाना बनाने के लिए लकड़ी इकट्ठा करनी पड़ती हैं। जंगल से लकड़ी लाने में जंगली जानवरों का खौफ रहता था। चूल्हे के धुंए से भी राहत मिल रही हैं। उम्र दराज नान्हीबाई के चिन्तामुक्त होने की खुशी झलक रही थी।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत कोरिया जिले बैकुण्ठपुर निवासी हितग्राही 30 वर्षीय रामबाई, 55 वर्षीय मानकुंवर बाई, 25 वर्षीय दुर्गा, 35 वर्षीय फूलबासन बाई, 31 वर्षीय ऊषा बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें गैस चूल्हा मिल गया है। किस तरह पहले चूल्हा से भोजना बनाना पड़ता था। लकड़ी के लिए जंगल जाना होता था।

वहीं भोजन बनाते समय धुआं के कारण खांसी और आंख से आंसू बहते थे। अब गैस-चूल्हा मिलने से इस समस्या से छुटकारा मिल गया है। लाभार्थी फूलबासन बाई कहती है कि गैस चूल्हा से खाना बनाना काफी आसान हो गया है। बर्तन भी काले नहीं होते हैं। ऊषा बाई अन्य पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह योजना परिवार के लिए और पर्यावरण के लिए भी बहुत कल्याणकारी हैं। गैस चूल्हा होने से पेड़ की कटाई भी रूकेगी और हरियाली भी बनी रहेगी


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## चिरचिटा के पत्ते के फायदे



चिरचिटा एक गुणकारी पौधा है चिरचिटा पौधे को लटजीरा, चिचींडा और चिरचिटा पौधे के नाम से भी जाना जाता है। लटजीरा और चिरचिटा इस पौधे के हिंदी नाम है। इसे गांव और शहरों के अधिकतर इलाकों में इसी नाम से जाना जाता है। यह पौधा बरसात के समय स्वयं उग जाता है। यह जंगली झाड़ी के समान उग जाता है। यह पौधा खाली जमीन में कहीं पर भी उग जाता है। यह पौधा आपने अपने घर के आस-पास मैदान में या रास्ते में जरूर देखा होगा।

चिरचिटा के पत्ते को तोड़कर इसका रस निकाल लीजिए और इसके रस को आप अगर दांतों में लगाते हैं, तो आपको दांत संबंधी समस्या में फायदा पहुंचता है। इससे दांत का दर्द ठीक हो जाता है। चिरचिटा के तने से दातुन बना सकते हैं और इस दातुन को रोजाना इस्तेमाल कर सकते हैं। इस दातुन से दांत हमेशा मजबूत रहेंगे और टूटते नहीं है। चिरचिटा के पौधे की दातुन करने से दांतों का हिलना, मुंह से बदबू आना, मसूड़ों की कमजोरी ठीक हो जाती है और दांत साफरहते हैं।

चिरचिटा चर्म रोग में बहुत लाभ देता है। इसके पत्तों को पीसकर फोड़े फुंसी में लगाना चाहिए। जिससे फायदा मिलता है। मुंह के छालों में चिरचिटा का उपयोग किया जा सकता है। चिरचिटा के पत्ते का काढ़ा बनाकर पिया जा सकता है, जिससे मुंह के छालों की परेशानी ठीक हो जाती है। चिरचिटा की पत्ती को पीसकर और गर्म करके संधि शोथ ग्रस्त भाग में लगाने से लाभ मिलता है। चिरचिटा का उपयोग चोट में किया जा सकता है। इसके प्रयोग से चिरचिटा के पत्तों से रस निकालकर चोट लगे स्थान पर लगाना चाहिए, जिससे खून बहना बंद हो जाता है। पुराने घाव को चिरचिटा के पत्तों के रस से ठीक किया जा सकता है और घाव भर जाता है।

# आंखों में इंफेक्शन या जलन होने पर न करें यह गलतियां



मौसम बदलने पर अक्सर आंखों में इंफेक्शन की समस्या हो जाती है। शुरुआत में तो यह नॉर्मल खुजली और जलन से शुरू होता है लेकिन बाद में यह दोनों आंखों में फैल जाता है। जिसकी वजह से बहुत सारी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। यह इंफेक्शन बैक्टीरिया या किसी खास तरह के इंफेक्शन के कारण होता है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। अगर आपको भी आंखों में ऐसी दिक्कत महसूस हो रही है तो आपको बिना समय गवाएं डॉक्टर को दिखाना चाहिए। आंखों में जब भी इंफेक्शन हो जाए तो बाहर जाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की खुजली बढ़ सकती है। डॉक्टर के सलाह के बिना किसी भी दवा का इस्तेमाल आंखों में नहीं करना चाहिए। आंखों को साफ रखने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही हल्के हाथों से आंखों पर जमा गंदगी को साफ करें। आंखों में इंफेक्शन होने पर आंखें लाल हो जाती है। जिसके कारण इसमें खुजली और कई तरह के दूसरे लक्षण दिखाई देते हैं। आंखों में इंफेक्शन होने पर ये गलतियां न करें आंखों में इंफेक्शन होने पर पब्लिक प्लेस पर जानें से बचें। अगर जरूरी है तो चश्मा पहनकर ही जाएं। साथ ही आंखों पर हाथ का इस्तेमाल कम करें।

बाहरी लोगों से हाथ मिलाने या टच रने से बचें। बच्चों को भी ऐसे करने से रोकें। एक टाइम गैप पर सैनिटाइजर का इस्तेमाल करते रहें। और हर घंटे हाथों को धोते रहें। आंखों की देखभाल के लिए हर घंटे साफ पानी से आंख धोंए और फिर आई वाइप्स का इस्तेमाल करें। आंखों से गंदगी निकालने के लिए आई ड्रॉप का समय-समय पर इस्तेमाल करना चाहिए। तौलिया, तकिया, कपड़े, चादर, चश्मे और आई मेकअप दूसरे के साथ शेयर न करें। आंखों को बार-बार मलने या खुजली करने से बचें। जब आंखों में खुजली शुरू हो तो ठंडे पानी से छींटे मारे।

आई फ्लू से बचना है तो इस तरह से करें आंखों की देखभाल आंख बहुत ज्यादा सेंसिटीव होता है। एयर पॉल्यूशन से बचना है तो आंखों की खास देखभाल करने की जरूरत है। आज हम आपको आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ खास टिप्स बताएंगे। आई फ्लू से बचना है तो समय-समय पर हाथ को साफ करते रहें ताकि इंफेक्शन ज्यादा बढ़े नहीं। बरसात में भीगने या स्वीमिंग पूल में नहाने से बचें, जिस व्यक्ति को आई फ्लू हुआ है उसके कॉन्टैक्ट में आने से बचें, कॉन्टैक्ट लेंस को ठीक से साफ करें। बाहर निकले तो आई वाइप्स का इस्तेमाल करें ताकि आंखों में गंदगी न घुसे, डाइट में विटामिन ए, बी और सी का इस्तेमाल करें। ढेर सारा पानी पिएं। खाने में विटामिन का इस्तेमाल ज्यादा करें। धूप, धूल और मिट्टी से बचना है तो गॉगल्स का इस्तेमाल करें।

## 5 बुरी आदतों की वजह से झेलनी पड़ती है आर्थिक तंगी

### मां लक्ष्मी चली जाती हैं घर से चाणक्य निति

नीति शास्त्र में चाणक्य ने में धन, विद्या, वैवाहिक जीवन, पारिवारिक मुद्दे और शत्रु समेत जीवन की कई पहलुओं पर विचार व्यक्त किए हैं। आचार्य चाणक्य के विचार आज के समय में भी प्रासंगिक हैं। चाणक्य की नीतियों का पालन करने वाला जीवन के हर क्षेत्र में सफ्ल होता है। चाणक्य के मुताबिक कुछ आदतें जीवन में आर्थिक तंगी लाते हैं। ऐसे में इंसान को इन बुरी आदतों को बदल देना चाहिए।

**आमदनी से अधिक खर्च :** चाणक्य के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को आय से अधिक खर्च नहीं करना चाहिए। जो इंसान अपनी आय से अधिक खर्च करता है वह हमेशा आर्थिक तंगी से परेशान रहता है। चाणक्य नीति के अनुसार धन का संग्रह कराना चाहिए, क्योंकि मुश्किल समय में धन काम आता है।

**कुसंगति :** आचार्य चाणक्य कहते हैं कि इंसान को बुरे लोगों की संगति नहीं करनी चाहिए। यह इसलिए क्योंकि बुरे लोगों की संगति करने वालो के पास मां लक्ष्मी कभी नहीं करती हैं। साथ ही ऐसे लोगों को जीवन में हर पल मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

**धोखेबाज से रहें बचकर :** आचार्य चाणक्य के अनुसार पीठ पीछे धोखा देने वालों को समाज में मान-सम्मान नहीं मिलता है। चाणक्य कहते हैं कि इस स्वभाव वाले इंसान को धन पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करना पड़ता है। ऐसे लोगों से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं। झूठ बोलने वाला चाणक्य के मुताबिक जो व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए हमेशा झूठ का सहारा लेता है, उस पर मां लक्ष्मी कभी मेहरबान नहीं होती हैं। ऐसे लोगों को जीवन में दूसरों के सामने अपमानित होना पड़ता है।

**बड़े-बुजुर्गों का अपमान करने वाला :** चाणक्य का मानना है कि जो लोग बड़े-बुजुर्गों का सम्मान नहीं करते हैं उनके घर में दरिद्रता का वास होने लगता है। साथ ही ऐसे लोगों से मां लक्ष्मी दूर चली जाती हैं।

### कहीं आपके घर में भी तो नहीं ये चीजें? तुरंत हटा दें वरना हो जाएंगे कंगाल

वास्तु शास्त्र ऊर्जा पर आधारित है। वास्तु के अनुसार घर में रखे हर सामान और उसकी दिशा में एक ऊर्जा होती है जिसका असर घर के सदस्यों पर पड़ता है। सकारात्मक ऊर्जा घर में सुख-समृद्धि लाती है जबकि नकारात्मक ऊर्जा जीवन में कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। घर से हटा दें ये चीजें अगर आपके घर में कोई टूटा हुआ कांच या शीशा है या फिर इसमें दरार आ गई है तो इसे तुरंत बदल दीजिए। अगर आपकी खिड़की का कांच टूट गया है, तो इसे भी हटा दें। टूटा शीशा घर में नकारात्मक ऊर्जा लाता है। अगर आपके घर के मंदिर में देवी-देवताओं की फटी हुईं और पुरानी तस्वीरें वा खंडित मूर्तियां हैं तो उसे तुरंत हटा दें । माना जाता है कि इससे आर्थिक हानि होती है। घर में अगर कबूतर ने घोंसला बना रखा है तो इसे भी तुंरत हटा दें। फटे व पुराने हो फटे हुए कपड़े अगर घर में हैं तो इसे हटा दें क्योंकि यह शुक्र ग्रह को बर्बाद कर देता है। इससे जीवन में आर्थिक परेशानी शुरू हो जाती है। फटे व पुराने जूते-चप्पल को घर से तुरंत हटा दें क्योंकि इन्हें घर में रखने से व्यक्ति को कई तरह के संघर्षों का सामना करना पड़ता है और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। घर में अगर महाभारत युद्ध का चित्र, नटराज की मूर्ति, ताजमहल का चित्र, डूबती हुई नाव, फव्वारे, जंगली जानवरों के चित्र,कब्र और कांटेदार पौधों के चित्र लगे हुए हैं तो उन्हें हटा दें। इससे नकारात्मक भावों का विकास होता है,जिसके चलते जीवन में अच्छी घटनाएं घटना बंद हो जाती हैं।

## दिशा पाटनी ने कातिल अदाओं ने यूजर्स के उड़ाए होश



बॉलीवुड की खूबसूरत और बोल्ड अदाकारा में से एक दिशा पाटनी फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल धड़काती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर स्टनिंग तस्वीरें व वीडियो शेयर किया है जोकि सोशल मीडिया का पारा तेज कर रहे हैं। दिशा पाटनी ने सिल्वर कलर का सेक्सी बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, लाइट मेकअप के और खुले बालों के साथ पोज के साथ साथ वीडियो में डांस करते भी दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस का इन तस्वीरें व वीडियो में किलर अवतार देख फैंस के होश उड़ गए हैं और वे दिशा की हॉटनेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

दिशा पाटनी आए दिन अपनी शोख अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती रहती हैं। उनका हर एक अंदाज बेमिसाल है। इन तस्वीरों में दिशा पाटनी कैमरे के सामने कातिलाना निगाहों से कैमरे में पोज देते हुए एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को वेवी लुक में स्टाइल कर के और साथ ही नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। दिशा पाटनी की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है और एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस को आए दिन अपनी हर एक झलक शेयर कर के ट्रीट देती रहती हैं।

## लव सेक्स और धोखा 2 में उर्फी जावेद की एंट्री



उर्फी जावेद के फैंस के लिए बड़ी खबर है।अतरंगी कपड़े पहनने वाली उर्फी के जल्द ही फिल्म में नजर आएंगी। ये एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 है। इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा होने के नाते, उर्फी एक बड़ा एक्साम्पल हैं, जो फिल्म के लिए एक बेस्ट चॉइस हैं। उर्फी सबसे बड़ी आइकन हैं, जो सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए पॉपुलर हुई हैं।

लव सेक्स और धोखा 2 अपनी कहानी के साथ इंटरनेट के युग में प्यार और रिलेशनशिप की झलक दिखाने वाला है, जो इसके साथ ही शानदार एंटरटेनमेंट देना का वादा भी करता है। इसमें उर्फी जावेद की मौजूदगी इस फिल्म के मनोरंजन को और भी ज्यादा बढ़ा देगा। उर्फी जावेद अपने यूनिक फैशन सेंस और सोशल मीडिया प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं, उन्हें लव सेक्स एंड धोखा 2 में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। लव सेक्स और धोखा 2 को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया। जबकि इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। जिसका ऐलान खुद आधिकारिक तौर पर एकता कपूर ने किया है।

उर्फी जावेद इससे पहले भी अपनी एक्टिंग कई टीवी शोज में दिखा चुकी हैं। इन टीवी शोज में साथ फेरों की हेरा फेरी, बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े भैया, ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी और मेरी दुर्गा शामिल है। हालांकि इन शोज से ज्यादा उर्फी जावेद को अपने अनोखे ड्रेसिंग सेंस से मिली। उर्फी आए दिन अजीबोगरीब कपड़े पहनकर स्पॉट हो जाती हैं तो कभी सोशल मीडिया पर नए लुक की फोटो या वीडियो शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। फैंस भी उर्फी के इस अतंरगी कपड़ों पर कमेंट करते हैं। खास बात है कि कई सितारे उर्फी के फैशन सेंस की तारीफ भी कर चुके हैं।

## अभिनेत्री नेहा शर्मा ने पिंक आउटफिट में बिखेरा जलवा



बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुईं. इस दौरान उन्होंने पिंक कलर का आउटफिट पहना हुआ था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं. नेहा ने लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े थे और पैप्स के कैमरों के सामने सेक्सी पोज देते दिखाई दीं. नेहा ने पैपराज़ी को पोज़ दिए और उनसे उनके हालचाल पूछे. उन्होंने पैपराज़ी से पूछा कि वह सब कैसे हैं. नेहा शर्मा का यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है. साथ ही वे नेहा के अपकमिंग प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं. नेहा शर्मा पहले भी इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रही हैं। उनकी तस्वीरें अक्सर सोसल मीडिया पर वायरल हो जाती है। नेहा शर्मा को इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन से अधिक लोग फॉलो करते हैं.नेहा शर्मा की बात करें तो बॉलीवुड में उन्होंने 'क्रूक' फिल्म से डेब्यू किया था। इसके बाद वो 'क्या सुपर कूल हैं हम', 'यमला पगला दीवाना 2', 'यंगिस्तान', 'कृति' समेत कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। नेहा शर्मा ने 2007 में तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है. 2007 में उन्होंने तेलुगु फिल्म में पहले डेब्यू किया था।

**लाईफ स्टाईल** | **शादी से जुड़ी इन 5 खास बातों को जरूर जानें**

# इस रेखा से पता चल जाएगी शादी व रिश्तों की गहराई

आपकी हथेली की रेखा भी आपको बताती है कि आपकी लव मैरिज होगी या अरेंज। इस रेखा से आप अपने जीवनसाथी के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं। इस रेखा से यह भी पता चलता है कि आपकी शादी कौन-सी उम्र में होगी। हर व्यक्ति के लिए उसकी पर्सनल लाइफबहुत मायने रखती है। हर कोई अपना भविष्य जानने की इच्छा रखता है कि उसकी शादी कब और किससे होगी। इस बारे में हस्तरेखा शास्त्र में काफी बातें लिखीं गई हैं। आपकी रेखाएं आपकी लव लाइफके बारे में कई राज खोलती हैं। इन रेखाओं को देखकर शादी, प्यार और शादी के बाद रिश्तों की गहराई के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। आप भी अगर यह जानना चाहते हैं कि आपकी हाथों की रेखाएं यह समझने में आपकी मदद कर सकती हैं।









### क्या होती है विवाह रेखा

हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार छोटी उंगली के नीचे और हृदय रेखा के ऊपर हाथ के बाहरी भाग से आरंभ होकर बुध पर्वत की ओर जाती हुई रेखा को विवाह रेखा कहते हैं। इस रेखा के आसपास ऐसी कई और रेखाएं होती हैं, जिनसे शादी के बाद आपका जीवन कैसा रहेगा, यह भी पता चलता है।

### लव मैरिज या अरेंज मैरिज कैसे पता चलता है

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिस व्यक्ति की विवाह रेखा पर एक वर्ग का निशान बनता है, उनकी लव मैरिज होती है। इसके अलावा यह रेखा इस बात का भी संकेत है कि आपकी विवाह से पहले कितने रिश्ते हो सकते हैं। अगर यह रेखा स्पष्ट नहीं दिखती, तो हो सकता है कि आपको जीवन में कई ब्रेकअप का सामना करना पड़े। इसके अलावा जब किसी व्यक्ति के हाथ पर शुक्र पर्वत ज्यादा उभरा और स्पष्ट दिखाई देता है, तो लव मैरिज के योग जल्दी बनते हैं।

### कैसी रेखा मानी जाती है शुभ

आपकी विवाह रेखा अगर गहरी, स्पष्ट और लंबी होती है, तो ऐसी रेखा भाग्यशाली होने का संकेत देती है। इससे यह पता चलता है कि आपका जीवन खुशनुमा और प्यार से भरपूर रहेगा। आपका लाइफ पार्टनर आपसे बहुत प्यार करेगा और आप दोनों के बीच बेहतर तालमेल रहेगा।

### कब होती है विवाह में देरी

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब कुंडली में मंगल का अशुभ प्रभाव होती है, तो विवाह में बहुत देरी होती है। व्यक्ति चाहे, कितनी भी कोशिश करे लेकिन किसी न किसी वजह से उसके विवाह में देरी हो जाती है। हस्तरेखा शास्त्र में भी ऐसी रेखा होती है, जो विवाह में देरी का इशारा करती है। माना जाता है कि अगर विवाह रेखा को कोई अन्य रेखा काट रही हो, तो विवाह में देरी होती है।

### कब होती है जल्दी शादी

विवाह रेखा के पास त्रिशूल जैसा कोई निशान होने पर व्यक्ति का पार्टनर उसे बहुत प्यार करता है। हृदय रेखा के पास विवाह रेखा के होने से व्यक्ति की शादी 20-22 साल की उम्र में होने की सम्भावना रहती है। इसे व्यक्ति की जिंदगी में भी कई उतार-चढ़ाव आते हैं।

## एक्ट्रेस अमृता ने जीवन में आई बाधाओं पर की बात



अपकमिंग थ्रिलर लुटेरे में नजर आने वाली एक्ट्रेस अमृता खानविलकर ने फिल्म में अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार के लिए वास्तविक जीवन में घटित घटनाओं का इस्तेमाल किया।

यह फिल्म कीमती माल ले जाने वाले एक जहाज और उसे सोमाली समुद्री डाकुओं से होने वाले खतरे के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें रजत कपूर, विवेक गोम्बर, अमृता और आमिर अली शामिल हैं।

सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो नच बलिए 7 की विजेता रही अमृता ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, मैंने इसके लिए अपने संघर्षों और अनुभवों का उपयोग किया है, उसे ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व को प्रामाणिक रूप से चित्रित करने और भूमिका के साथ न्याय करने के लिए भी उपयोग किया है।

अमृता ने कहा, मैं एक बहुत ही सामान्य महाराष्ट्रियन परिवार से हूं। बड़े होने के दौरान मुझे हमेशा बताया जाता था कि मुझे कैसा व्यवहार करना है, क्योंकि मैं एक लड़की हूं। तो बड़े होने के दौरान मैंने जो बंधन महसूस किया वह सिर्फ रिश्तेदारों से नहीं बल्कि समाज से भी आता है।

उन्होंने कहा, मैं एक बहुत ही पारंपरिक पृष्ठभूमि से आती हूं, इसलिए मैंने अपने जीवन में कई बाधाओं का सामना किया है। मैंने इस चीज का सामना तब भी किया जब में अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहती थी। मैंने अपनी उसी निष्ठा को लुटेरे में भी अपनाया है। राजी में अपने काम के लिए मशहूर अमृता ने कहा कि मेरा किरदार अपनी गरिमा नहीं खो सकता। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता



उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर




### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**गरियाबंद।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान प्रतिशत में वृद्धि के दृष्टिगत स्वीप कार्य योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने हेतु जिले में संचालित वृद्धाश्रम सियान सेवा सदन ग्राम भिलाई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकां को मतदान के महत्व को बताते हुये शपथ ग्रहण कराकर उन्हें वस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उनसे आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ रीता यादव, जनपद पंचायत गरियाबंद की सीईओ पदमिनी हरदेल, मैनपुर जनपद सीईओ अंजलि खलखां, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक डोनर प्रसाद ठाकुर, तहसीलदार डामेश्वर साहू, नायब तहसीलदार अवंतिका गुप्ता एवं प्रबंधक कोमल साहू सियान सेवा सदन वृद्धाश्रम एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### राजिम के मेला स्थल की लगातार की जा रही साफ-सफाई

कुंभ मेला स्थल में 2 कंपनियों के 43 सदस्य लगातार कर रहे सफाई

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर राजिम कुंभ कल्प मेला के आयोजन के उपरांत पर्यटन विभाग के समन्वय से राजिम के विभिन्न स्थलों का साफ-सफाई लगातार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 फरवरी से 08 मार्च 2024 तक किया गया था। इस दौरान भी राजिम सहित मेला स्थल पर प्रतिदिन साफ-सफाई किया जा रहा था। देश-विदेश के लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे हुए थे। मेला समापन पश्चात मास इंडिया एजेंसी, क्लिन टेक के कुल 43 सफाई कर्मचारियों द्वारा राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव मंदिर, कार्यक्रम स्थल, नदी सहित अन्य स्थलों की सफाई की जा रही है। मास इंडिया एजेंसी की 23 सदस्यों द्वारा सुबह 7 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक तथा क्लीन टेक कंपनी के 20 सदस्यों द्वारा सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सफाई की जा रही है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नदी में बनाए गए स्नान कुंड, श्रद्धालुओं के लिए आवागमन के लिए अस्थाई रूप से लगाए गए पत्थर, प्लास्टिक बोरे, बांस- बल्लियां को हटाने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसका निरीक्षण लगातार अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

### होली के अवसर पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा 25 मार्च को होली (जिस दिन रंग खेला जाय) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने 25 मार्च दिन सोमवार को जिले में स्थित समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल4(क) व्यावसायिक क्लब एवं एफएल 7 सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखने तथा अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है।

# कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## परियोजना को पूरा करने के लिए राज्य सरकार करेगी हर संभव सहयोगः उप मुख्यमंत्री अरूण साव

- नगर निगम रायपुर और भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए त्रिपक्षीय एमओयू
- बायो गैस संयंत्र प्रतिदिन लगभग 200 से 250 मीट्रिक टन कचरे का उपयोग कर जैव ईंधन का उत्पादन करेगा
- भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड दो संयंत्रों में लगभग 100 करोड़ रुपए का करेगा निवेश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में, नगर पालिका निगम रायपुर और नगर पालिका निगम भिलाई में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए किए गए त्रिपक्षीय समझौते के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में रायपुर और भिलाई नगर निगम में 100-150 टन प्रति दिन क्षमता के नगरीय ठोस अपशिष्ट पर आधारित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत सरकार के उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, राज्य के नगर पालिक निगम रायपुर और भिलाई तथा छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग सारावगी, नगर पालिका निगम रायपुर के कमिश्नर अविनाश मिश्रा और नगर पालिका निगम भिलाई के कमिश्नर देवेश कुमार ध्रुव ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक अवसर है। जब स्वच्छ राज्य और स्वच्छ ऊर्जा के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थापित होने वाले दो कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में लगभग 200 से 250 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट का उपयोग प्रतिदिन जैव ईंधन के उत्पादन में किया जाएगा। भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्य में इन दो संयंत्रों की स्थापना के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संयंत्रों की स्थापना से राज्य में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 60 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार का सृजन होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों में पूर्ण क्षमता से उत्पादन एवं विक्रय होने पर राज्य को प्रतिवर्ष 45 लाख रुपए का जीएसटी प्राप्त होगा। साथ ही संयंत्र में सह-उत्पाद के रूप में जैविक खाद होगा। इससे छत्तीसगढ़ में जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों की स्थापना से राज्य शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने समझौते में शामिल सभी पक्षों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार अग्रसर

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ शहर और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार अग्रसर है। इस परियोजना से हमारे नागरिकों को स्वच्छ ऊर्जा के साथ रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग इस परियोजना के प्रत्येक चरण में पूर्ण सहयोग और संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से भारत सरकार की योजनाओं का सतत लाभ रायपुर और भिलाई शहर के नागरिकों को प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव बासवराजू एस., भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मुंबई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हेल्पलाईन पर विद्यार्थियों ने पूछा पढ़ने में परेशानी है कैसे करें

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विद्यार्थियों के मन से हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के डर को दूर करने और समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाईन का संचालन किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन पर विद्यार्थियों और उनके पालकों द्वारा आज प्रश्न पूछे गए कि समीकरण कैसे याद करे? पढ़ने में परेशानी है कैसे करे? स्कूल टीचर छुट्टी में थी तो पढ़ाई नहीं हुई, शरीर क्रिया विज्ञान, कठिन प्रश्न कौन-कौन से आयेंगे, 05 अंक वाले प्रश्न में चित्र बनाना अनिवार्य है क्या?, परीक्षा की तैयारी कैसे करे?, प्रश्न पत्र की तैयारी कैसे करें?, ब्लूप्रिंट के अनुसार तैयारी कैसे करे? राजनीति विज्ञान को पढ़ने के बाद भूल जाता हूँ कैसे करू? जैस प्रश्न पूछे गये।

हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 18002334363 पर प्राप्त हुए 20 कॉल का समाधान माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव जेके अग्रवाल, समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार साहू, डाटा कक्ष से आई.ओ. आई अंशुमन कसेर, विषय विशेषज्ञ निशा सिंह, हरिप्रसाद जोशी, अर्पणा तिवारी, नम्रता तिवारी, रेणुका, राजकुमार गेण्ड्रे, नंदा पिल्ले, दिव्या ठाकुर, अमी सोनी, दीपा सोनकर, सोमा बनिक, सुनीता पाण्डेय और बिहारी लाल शर्मा द्वारा किया गया।

# आयुर्वेद पूरे विश्व को हमारी देन, इससे तन और मन दोनों होते हैं स्वस्थः शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेदा का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** शिक्षा पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेदा एवं रुद्राक्ष वेलनेस रिसोर्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से रायगढ़ में अब आयुर्वेद और पंचकर्म पद्धति की चिकित्सा सुविधाएं लोगों को मिलेगी। ऐसा वेलनेस सेंटर बड़े शहरों में देखने को मिलता है अब यह रायगढ़ में खुला है तो इसका लाभ यहां के साथ आस-पास के लोगों को मिलेगा।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति हमारे देश द्वारा पूरे विश्व को दी गई एक अनुपम सौगात है। इसे पूरी दुनिया अपना रही है। हमारे देश के आयुर्वेदिक चिकित्सा सेंटर्स में दूसरे देशों से लोग आ रहे हैं। उन्होने कहा कि आयुर्वेद में प्राकृतिक औषधियों का उपयोग रोगों के उपचार में किया जाता है। समय के साथ धीरे-धीरे लोग त्वरित राहत के लिए इलाज के दूसरे तरीकों की ओर जाने लगे और आयुर्वेद उतना प्रचलन में नही रहा। किंतु आज समय बदल रहा है, लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति पहले से ज्यादा सजग हो रहे हैं। प्रसन्नता की बात है कि युवा वर्ग भी अब अपने खान-पान और व्यायाम की आदतों में प्राकृतिक पद्धतियों का समावेश कर रहे हैं।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि यदि हम प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, खान-पान और जीवन शैली को अपनाएंगे तो निश्चित रूप से हमारा स्वास्थ्य लंबे समय तक अच्छा बना रहेगा। प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति व्यक्ति को शारीरिक ही नही मानसिक रूप से भी स्वस्थ बनाती है। आयुर्वेद से रोगों का जड़ से निदान होता है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से रायगढ़ सहित आस-पास के लोगों को आयुर्वेद और पंचकर्म से इलाज की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर बजरंग लाल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, शक्ति अग्रवाल, सहज अग्रवाल, सुभाष पांडेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक और आयुर्वेद चिकित्सालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के पूरे हुए तीन माह

## मुख्यमंत्री को विधानसभा अध्यक्ष और मंत्रिगणों के साथ ही आम लोगों ने मिलकर दी बधाई और शुभकामनाएं

### इतने कम समय में मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने के लिए जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार को तीन महीने पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ ही मंत्रिगणों और आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री साय को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय भी लोगों से आत्मीयता से मिले, उनका अभिवादन स्वीकारा और आगे भी प्रदेश के विकास के लिए शासन-प्रशासन के सहयोग का आग्रह किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय भी मौजूद रहीं।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक सर्वश्री पुन्नूलाल मोहिले, संपत अग्रवाल, अनूज शर्मा, भावना बोहरा, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जनहितैषी फैसलों और मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा करने के लिए आभार जताया। प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आये लोगों ने तीन माह के कार्यकाल में प्रदेशवासियों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि तीन महीने की अल्पवधि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई अधिकांश गारंटियां पूरी हो चुकी हैं तथा अन्य गारंटियों को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को आवास स्वीकृत किए गए हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से माताओं एवं बहनों को प्रति माह एक हजार रुपए की सहायता की पहली किश्त के रूप में 655 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। खेती-किसानी को मजबूत बनाने के लिए कृषक उन्नति योजना में 24 लाख 72 हजार किसानों को 13 हजार 320 करोड़ रुपए की आदान सहायता के साथ ही किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। वहीं इस वर्ष छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड धान खरीदी की गई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी के एवज में 24.72 लाख किसानों को 31 हजार 914 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी के साथ ही किसानों को धान की 3100 रुपए प्रति क्विंटल कीमत मिल रही है, जो देश में सर्वाधिक है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपए करने सहित अनेकों महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट भी छत्तीसगढ़ के विकास का बजट है, समृद्धि और खुशहाली का बजट है। प्रदेश सरकार के इन फैसलों से छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा।

### बलौदाबाजार के महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 111.53 लाख रुपए स्वीकृत




**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन पश्चात बजट वर्ष 2023-24 के अंतर्गत बलौदाबाजार जिला के शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति करने हेतु वर्ष 2023-24 के प्रथम अनुपूरक बजट में वित्त उल्लेखित अपरीक्षित नवीन मद के प्रकरण में स्वीकृत की प्रक्रिया शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 111.53 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस आशय का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से जारी किया गया है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### बाड़ी में लगा रखा था गांजा का पौधा, आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी (ए)।** अपने घर में गांजा पौधा लगाने वाले आरोपी को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध शराब, गांजा,अवैध कारोबारियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये है।

इसी कड़ी में अर्जुनी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सुचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में मादक पदार्थ गांजा का पेड़ लगाया गया है। जिस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारी को सूचना देकर कार्यवाही के लिए टीम रवाना हुई। जिससे पता चला कि आरोपी अश्वनी कुमार साहू के द्वारा अपने घर के बाड़ी में अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा पौधा लगाया गया था। जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया है। आरोपी अश्वनी कुमार साहू का कृत्य अपराध धारा 20 (क) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उक्त कार्यवाही में थाना अर्जुनी से सउनि.उत्तम निषाद, रामकृष्ण साहू, आर.भावेश दास,प्रदीप साहू,मआर.ज्योति खुटे का विशेष योगदान रहा।

### बाइक सवार तीन युवक नहर में गिरे, तीनों की हुई मौत

**धमतरी (ए)।** जिले में बुधवार की रात सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों बाइक सवार युवक पुल से टकरा गए और नहर में जा गिरे। हादसा सिहावा थाना क्षेत्र के सांकरा से भोथली मार्ग के पास हुआ है।

बताया जा रहा है कि तीनों युवक पश्चिम बंगाल के निवासी हैं। परिजनों ने फोटो देखकर उनकी पहचान की है, लेकिन नामों की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। परिजन आएंगे, तब पुलिस मामले की जांच आगे बढ़ाएगी। जानकारी के मुताबिक, ये युवक बिजली पोल फिटिंग का काम करते थे। भोथली गांव से राशन खरीदने के लिए तीनों युवक बाइक से सांकरा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक पुल से टकरा कर नहर में जा गिरी। इस हादसे में तीनों युवक की मौत हो गई। इधर, मामले की सूचना मिलते ही सिहावा टीआई उमांकात तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस की मदद से शवों को मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

### दो साल से फरार बलवा के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजनांदगांव (ए.)।** सोमनी थानाक्षेत्रांर्तगत आने वाले एक ढाबे में हुए बलवा के मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे पांच आरोपियों में से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ सोमनी थाना में धारा 147, 148, 149, 307, 427 भा.द.वि. 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

बता दें कि करीब दो साल पहले हमारा ढाबा में दो पक्षों के बीच जमकमर विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने बलवा का केस दर्ज करते हुए 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की थी तथा 5 फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। जिसके लिए थाना प्रभारी सोमनी कृष्णा पाटले द्वारा टीम गठित कर टीम को भिलाई दुर्ग रवाना किया गया था जहा आरोपियों के घर दबिश दिया गया आरोपी अपने निवास स्थान पर नही थे परिजनों को घटना के संबंध मे तलब किया गया जिससे परिजनों द्वारा आरोपियों को थाना लाया गया। जहां से सभी आरोपी सैफान खान,आयान खान पिता मो.अहमद निवासी फरीद नगर ईदगाह सुपेला भिलाई,अरशद अली पिता अलीम अली उम्र 27 वर्ष निवासी डी एम सी तालाब को गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं 2 आरोपी अभी भी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर (ए.)।** शिवानंद नगर खमतराई में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सर्वजीत सिंह 35 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 एलएक्स 7758 को अपनी घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### क्रॉस फायरिंग में महिला को लगी गोली, भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद

# बीजापुर में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़, नक्सल सामग्री बरामद

**बीजापुर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधावार को पुलिस व नक्सलियों की मुठभेड़ में गांव की एक महिला को गोली लग गई। गोली लगने से महिला घायल हो गई जिसे जवानों ने सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए डिमरापाल जगदलपुर ले जाया गया। पुलिस व नक्सलियों के बीच बोड़गा के जंगलों में मुठभेड़ हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार बोड़गा के जंगल मे भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर मंगलवार को डीआरजी व एसटीएफ की संयुक्त पार्टी बोड़गा ताकीलोड़ व उसपरि की ओर निकली हुई थी। बुधवार की दोपहर तीन बजे के करीब बोड़गा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के क्रॉस फायरिंग की चपेट में आने से बोड़गा निवासी 44 वर्षीय महिला राजे ओयाम को गोली लगने से वह घायल हो गई।



पीड़ित महिला की मदद के लिये जवान पहुंचे और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया। फिर यहां से बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल जगदलपुर के लिये रेफर कर दिया गया हैं। पुलिस की ओर से बताया गया कि मुठभेड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी के कुछ नक्सलियों के घायल होने की खबर मिली है। घटना स्थल की सर्चिंग करने पर जवानों ने भारी मात्रा विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किये हैं। फिलहाल एरिया की सर्चिंग जारी है।

## अधिक लाभ कमाने का लालच देकर की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** सागौन पेड़ों का बीमा करवाकर अधिक लाभ कमाने का प्रलोभन देकर एक व्यक्ति से 40 हजार रूपयों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने कुछ घंटों बाद ही गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार 12 मार्च को अनिल कुमार यादव ने पुलिस सहायता केन्द्र जटगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि संजय कुमार साहू नामक व्यक्ति द्वारा मोबाइल करके अपने सागौन पेड़ों की कटिंग करने के लिए आवेदन दिये जाने की जानकारी मांगी तथा जानकारी देने के बाद पर उसने सागौन पेड़ो को देखने आने की बात कही और संजय साहू अपने महिन्द्रा एक्सयूव्ही 300 वाहन क्रमांक सीजी 12 बी के 0573 में ग्राम बनखेता सागौन पेड़ को देखने आया, पेड़ों को देखने के बाद बोला कि तुमको पैसे की जरूरत होगा तो हमारी कंपनी से लोन ले लो 20-22 लाख रूपये कम्पनी दे सकती है। जब तुम्हारे सागौन पेड़ो की कटाई होगी तो लोन का पैसा काटकर बाकी बचत पैसा तुमको वापस कर देंगे, इसके लिए हमारी कम्पनी से एग्रीमेंट कराना पड़ेगा जिसके लिए 250 नग सागौन पेड़ों का बीमा करवाना होगा। आपको बीमा के लिए 98 हजार रूपये तत्काल जमा करना होगा जो पाच साल बाद 68 लाख रूपये सागौन पेड़ों का मिलेगा कहकर ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन दिया तब प्रार्थी के द्वारा अभी मेरे पास 40 हजार रूपये है कहने पर वह बोला कि ठीक है मेरे गुगल पे के माध्यम से पैसा भेज दो बोलकर संजय साहू ने अपना क्यू आर कोड दिखाया जिसमें उसके झांसे में आकर गुगल पे एकाउंट से 40 हजार रूपये संजय साहू को ट्रांसफर कर दिया और शेष रकम 58 हजार रूपये को कटघोरा बैंक से निकालकर नगद देने की बात कही। प्रार्थी को ठगे जाने का एहसास होने पर प्रार्थी ने थाने मे रिर्पोट दर्ज करवाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केन्द्र जटगा थाना कटघोरा द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी संजय साहू निवासी महाराणा प्रताप नगर कोरबा को घटना के तत्काल बाद 5 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## लोहे की प्लेट के साथ तीन नाबालिग सहित छह आरोपी पकड़े गए

**कोरबा (ए)।** सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनियों के डंप लोहे के प्लेट, राड़ व चेनल एंगल की अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत पुलिस को लगातार मिल रही थी। उरगा पुलिस मामला कायम कर विवेचना कर रही थी। पुलिस को 11 मार्च की रात 10-12 अज्ञात नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा काम में लगे मजदूरों को नींद से उठाकर डरा धमकाकर एवं मारपीट कर छह लोहे का प्लेट कीमत 45000 रूपये को लूट कर पिकअप गाड़ी एवं स्कार्पियो गाड़ी में भरकर ले जाने की जानकारी मिली।

मामले की शिकायत भूरे सिंह चैहान निवासी दीनदयायल कालोनी मंगला बिलासपुर की रिपोर्ट ने दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 395 के तहत मामला कायम किया। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, तब पुलिस ने मामले लिप्त तीन आरोपित हेमंत कुमार चैहान 21 वर्ष व धीरज कुमार चैहान 19 वर्ष दोनों निवासी भांठीकुड़ा हनुमान चैक थाना हरदीबजार, विनय बंजारे उर्फ छोटू उर्फ भूरन निवासी डिपरापारा वार्ड नंबर 30 मानिकपुर तथा तीन नाबालिग को पकड़ी।

**■ मामले की विवचेना जारी**

पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि मुख्य आरोपित धनेश उर्फ सन्नाटा, इन्द्रपाल, सूरज साहू, हितेश सारथी, हेमंत वाद्यक एवं आयुष रात्रे द्वारा प्लान बनाकर घटना को अंजाम दिया गया है, जो अभी फरार है। पुलिस ने सभी आरोपितों का नाम जोड़ कर पतासाजी कर रही है। इसके साथ ही लूटे हुए छह सैन्ट्रींग प्लेट को जर्वे के कबाड़ी खिलेश्वर देवांगन से जब्त किया गया। उसे भी घटना में धारा 411 के तहत खिलेश्वर देवांगन उर्फ ननकु 27 वर्ष निवासी ग्राम जर्वे हाल मुकाम ग्राम उमरेली थाना उरगा को भी आरोपित बनाया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीएल 3194 व स्कार्पियो वाहन सीजी 12 एवी 2614 को जब्त किया गया। आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में पकड़ा गया जेजेएमपी का एरिया कमांडर

**जशपुर (ए)।** जशपुर पुलिस तथा झारखंड पुलिस के संयुक्त प्रयास से जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) के एरिया कमांडर सरगना टुनेश लकड़ा उर्फरवि सहित 6 आरोपियों को छत्तीसगढ़ के कुनकुरी से गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार झारखंड पुलिस से सूचना मिली थी कि बलरामपुर एवं जशपुर क्षेत्र में टुनेश लकड़ा उर्फ रवि अपने अन्य साथियों के साथ छिपा हुआ है, उनके पास आधुनिक हथियार है। इस सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह को अवगत कराते हुये तत्काल टीम का गठन कर संयुक्त ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी विनोद मण्डावी, उप निरीक्षक सुभाष कुजूर जिला बलरामपुर के द्वारा किया गया। टीम द्वारा जशपुर जिले के ग्राम करमा थाना नारायणपुर एवं कुनकुरी में दबिश देकर उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, एवं उनके कब्जे से एक नग एके-47, एक नग मैग्जीन जिंदा राउण्ड 90, चांपड़ एक नग, नक्सली ड्रेस एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री जप्त किया गया है।

पुलिस द्वारा ग्राम करमा थाना नारायणपुर जिला जशपुर से नक्सल सदस्य राम लकड़ा 40 साल निवासी गढिया थाना भण्डरिया (झारखंड), रंजीत महतो 30 साल निवासी ओरगी थाना विष्णुगढ़ (झारखंड) एवं हेरमन कुमार गन्नुम निवासी टिकैतबंध थाना मुण्डा चतरा (झारखंड) को संयुक्त रूप से कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। वे करमा ग्राम में किरायेदार के रूप में विगत सप्ताह से निवासरत थे। गुलाम शहजादा को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया है। तत्पश्चात् गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर दबिश देकर कुनकुरी से जेजएमपी सरगना टुनेश लकड़ा उर्फ रवि को उसके साथी तब्सुम अहमद के साथ मोहम्मद सद्दाम के मकान से जहां वो किराये पर निवासरत था,को संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी तब्सुम अहमद चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है, जो वर्तमान में किराये के मकान में कुनकुरी में आकर रहता था। तब्सुम अहमद इनके लगातार संपर्क में था एवं उसके द्वारा बलरामपुर क्षेत्र से टुनेश लकड़ा उर्फ रवि को वाहन से लाकर कुनकुरी में साथी के रूप में रखा था। टुनेश लकड़ा उर्फ रवि वर्तमान में झारखंड के जिला गढ़वा एवं छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय है। इसके विरूद्ध जिला बलरामपुर में 13 प्रकरण एवं झारखंड में 18 प्रकरण कुल 31 प्रकरण पंजीबद्ध है। टुनेष लकड़ा उर्फ रवि (झारखंड जन मुक्ति परिषद) को वर्ष 2012 में थाना शंकरगढ़ के अप.क्र. 124/2009 धारा 364, 302, 120(बी), 34 भा.द.वि. 8(1)(3)(5) छ.ग. जन सुरक्षा अधिनियम् के तहत् जारी स्थाई वारंट में दिनांक 13.05.2012 को गिरफ्तार किया गया था। इस कार्यवाही में जशपुर पुलिस एवं बलरामपुर पुलिस के साथ-साथ झारखंड की गढ़वा पुलिस का विशेष योगदान रहा, जिनके द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ सटीक आसूचना साझा की गई। दोनों राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं तालमेल के कारण जेजेएमपी के उक्त दुर्दांत नक्सली एवं उसके सहयोगियों को पकडने में सफ्लता प्राप्त हुई है। बता दें कि टुनेश लकड़ा उर्फ रवि के विरूद्ध बलरामपुर जिले के विभिन्न थानों में एवं झारखंड के विभिन्न थानों में हमला/मुठभेड़, डकैती, आगजनी, अपहरण जैसे कुल 31 अपराध दर्ज है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है प्रकरण की विवेचना जारी है।

## गुम व चोरी हुए मोबाइल फोन स्वामियों को लौटाया

**बलौदाबाजार-भाटापारा (ए.)।** पुलिस द्वारा लगभग 50 लाख रूपये कीमत के गुम/चोरी हुए कुल 304 नग मोबाइल फोन को ढूंढ कर मोबाईल फोन स्वामियों को वापस किया गया है। बरामद किये गये मोबाइल फोन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वितरित किया गया। गुम/चोरी मोबाइल फोन को देश के विभिन्न राज्यों से बरामद किया गया है।

जिले में गुम व चोरी हुए मोबाइल फोन की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा गंभीरता से लेते हुए समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित विशेष टीम को गुम मोबाइल फोन ढूंढ कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सीसीटीएनएस टीम द्वारा प्रस्तुत गुम मोबाइल फोन के आवेदनों पर गुम हुए मोबाइल फोन को ढूंढने का विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा गुम हुए कुल 304 नग मोबाइल फोन को प्रदेश सहित अन्य राज्यों के अलग - अलग स्थानों से ढूंढ कर बरामद किया गया। कुल 304 नग मोबाइल फोन कीमती 50 लाख रूपये बरामद कर मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को वितरित किया गया।

**■ मोबाइल फोन पाकर खिले उठे मालिकों के चेहरे**

गुम/चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के दौरान सीसीटीएनएस की टीम द्वारा तकनीकी विष्लेशण कर वर्तमान में चला रहे मोबाइल धारक से गुम होने या चोरी की मोबाइल उसके द्वारा चलाये जाने की जानकारी देकर उसे पुलिस अधीक्षक में जमा करने कहने मोबाइल धारक द्वारा मोबाइल फोन को बंद भी कर दिया जाता था। जिस पर टीम के अन्य राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोबाइल धारक को तस्दीक कराकर उनसे मोबाइल फोन बरामद कर थाने में जमा कराया जाता था। उसके पश्चात् अन्य राज्यों एवं विभिन्न जिलों से मोबाइल फोन को कुरियर के माध्यम से मंगाया गया है। इस दौरान कुछ मोबाइल धारको को चोरी या गुम मोबाइल चलाये के बारे में बताये जाने पर स्वयं से भी कुरियर कराया गया है। चोरी के मोबाइल जिन मामलों में बरामद हुए है उन पर वैधानिक कार्रवाई की जा रहीं है।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** कांकेर रोडवेज के सामने मठपुरैना में गांजा के साथ टिकरापारा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कांकेर रोडवेज कार्यालय के सामने मठपुरैना में दो युवक संदिग्ध लग रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ किया तो अपना नाम रिषभ शर्मा 28 वर्ष और आदित्य सिंह 19 वर्ष बताया। उनकी बैग को तलाशी लेने पर 21 किलो 400 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 14 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## गंदगी फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने वाले चार दुकानदारों से निगम ने वसूला जुर्माना

**रायपुर (ए)।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है।

कचरा एवं गंदगी फैलाने वाले एवं दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों को कड़ी समझाईश देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। उनसे दुकान में डस्टबिन रखने एवं सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में नियमित देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील की जा रही है। इस क्रम में नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डीडी नगर वार्ड क्रमांक 41 के रोहिणीपुरम, डंगनिया सहित अन्य बाजार क्षेत्रों में 4 दुकानों में गंदगी कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने पर कुल 1500 रूपये का जुर्माना भविष्य के लिए सम्बंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देकर वसूला। सभी जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने एवं स्वच्छता बनाये रखकर दुकान का सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को नियमित देकर राजधानी शहर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील करके समझाईश सभी जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में दी, अन्यथा की स्थिति में अभियान लगातार चलाकर दुकानों में गंदगी मिलने, डस्टबिन नहीं मिलने की स्थिति में सम्बंधित दुकानदारों पर जुर्माना करने की चेतावनी दी गयी।

**■ रायपुर निगम क्षेत्र में निरंतर चल रहा स्वच्छता अभियान**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 11.03.2024

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 26.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 355/दुर्ग (बेमेतरा)/2023 | ग्राम चरगांव वि.खं. बेमेतरा में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 70.19 | द्वितीय |
| 356/दुर्ग (बालोद)/2023 | अनुविभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत जिला के कमकपार हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.40 | द्वितीय |
| 357/दुर्ग (राज.)/2023 | जिला राजनांदगांव मचानपार वि.खं. डोंगरगांव में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.99 | तृतीय |
| 358/दुर्ग (बालोद)/2023 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 बालोद के अंतर्गत बटरेल एवं कुथरेल मार्ग कि.मी. 1 से 2/6 = 1.60 कि.मी. एवं 03 अन्य मार्ग का बी.टी. नवीनीकरण कार्य | 173.78 | पंचम |

टीप :- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबासाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है.
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें.

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876

जी-08506/5

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026 8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# भिलाई में अब नाली में कचरा फेंका तो देना होगा जुर्माना, आयुक्त ने दिए निर्देश

## समीक्षा बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा, अतिक्रमण पर भी होगी सख्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नाली में कचरा डालकर जाम करने वालों पर अब सख्ती की तैयारी कर ली गई है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में बैठक लेकर नली में कचरा डालने वालों को चिह्नांकित कर उन पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। आयुक्त ने कहा है कि ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाया जाए और आगे के लिए चेतावनी जारी की जाए। इसके अलावा नाली के उपर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर बेदखली कार्रवाई का भी निर्देश दिया है ताकि पानी जाम की स्थिति न रहे और डेंगू मलेरिया जैसे बिमारियो से बचा जा सके।





निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जोन अपने क्षेत्र के नालियो के चोक प्वांइट को चिन्हित कर सफाई करें ताकि पानी जाम न रहे। नालियों की सफाई होने के बाद नाली में कचरा फेंककर जाम करने वाले के विरूद्व जुर्माने की कार्रवाई करें। इसी प्रकार नाली के उपर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण पाये जाने पर उसे तत्काल बेदखल करे, ताकि नालियो की गहराई से सफाई हो सके और जलजनित बिमारियो की आशंका से बचा जा सके। मच्छरों को रोकथाम के लिए क्षेत्र में दवा का छिड़काव हो।

### पेयजल की शिकायत के लिए बनाया गया हेल्प डेस्क

आयुक्त देवेश ध्रुव ने गर्मी के दिनो में निगम क्षेत्र से पेयजल संबंधी शिकायत को दर्ज करने निगम मुख्य कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना की है। जिसका दुरभाष क्रमांक- 07882294303 है। जिनमें सम्पर्क कर नागरिक अपनी पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते है जिसे प्राथमिकता से दूर किया जाएगा। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### पाइप लाइन की जांच कर सुधारे लीकेज

आयुक्त ने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में लोगो को पर्याप्त पीने का पानी मिले इसके लिए आवश्यक है कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जांच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी पहुंचे। जिस किसी भी क्षेत्र के पेयजल की जॉच के दौरान पानी दुषित पाया जाता है तो वहां तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये। स्वास्थ्य विभाग मितानीनो के साथ मिलकर मोहल्लों मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहां डायरिया, डेंगू जैसी बिमारी का प्रभाव तो नहीं हो रहा है। यही नहीं मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये। आयुक्त ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद एवं विधायक निधि के अप्रारंभ कार्य, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, जल जमाव वाले क्षेत्रो की पहचान, डेंगू तथा जलजनित बिमारियों की रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार, उद्यानों में मच्छरों की रोकथाम पेड़ो की छटाई आदि विषयो पर बैठक में विस्तृत समीक्षा की।

## खास - खबर


### ग्राम डूमरडीह में लगा चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** आदर्श इस्पात ग्राम डूमरडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डूमरडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 111 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ अंकित घोष, फर्मासिस्ट श्री अनिल सिंह, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव व पंजीयनकर्ता श्री शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से श्री बुधेलाल उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों में किया जा रहा है।

### शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। समारोह में अनिल कुमार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। कामदेव साहू, उत्तम कुमार और शिवशंकर टंडन को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में प्रशान्त साहा, राजेश गर्ग, आर गोपालकृष्णन सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस मौके पर अशोक कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विजेताओं ने अपने उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर यह पुरस्कार प्राप्त किया हैं।



### सीएसआर के तहत बीएसपी ने ग्राम जरारोदा में लगाए 62 स्ट्रीट लाइट

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कुटेश्वर माइन्स के समीपस्थ ग्राम जरारोदा में 62 स्ट्रीट एलईडी लाइट लगाया गया है। जरारोदा में इन स्ट्रीट लाइट की स्थापना के लिए बीएसपी ने राशी प्रदत्त की है। संयंत्र, सदैव ही अपने परिधीय क्षेत्रों के ग्रामों के विकास के लिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

भिलाई इस्पात संयंत्र अपने सीएसआर विभाग के माध्यम से जनकल्याण के लिए विभिन्न कार्यों को अंजाम देता है। इसी के तहत विगत दिनों ग्राम सेलूद के शासकीय स्कूल में सोलार पंपो व शौचालयों का निर्माण कर हस्तांतरित किया गया है। इसी प्रकार के बहुधा कार्य दूरस्थ वनांचलों में व विकास से पिछड़े गांवो के लिए करता आ रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित हुई अदा मिसेज इंडिया दीपा मेश्राम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** अदा मिसेज़ इंडिया की विजेता और आकाशवाणी की अनाउंसर दीपा मेश्राम को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया गया। नव सृजन मंच छत्तीसगढ़ की ओर से 'महतारी सम्मान 2024' कार्यक्रम कराया गया जिसमें दीपा मेश्राम को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 12 मार्च को वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की विविध क्षेत्रों में कार्य कर एक मुकाम प्राप्त करने वाली 40 महिलाओं और 12 स्वसहायता समूहों का रुपया, माला, मोहरी से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि हर्षिता पांडे पूर्व अध्यक्ष राज्य महिला आयोग ,विशिष्ठ अतिथि डी एस पी ललिता मेहर, किरण गजपाल प्राचार्य डिग्री गर्ल्स कालेज, जाकिर खान व कुसुम ताई दाबके ला कालेज रहे। नवसृजन मंच आयोजन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने संस्था के कार्यकलाप और महतारी सम्मान आयोजन के ध्येय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा प्रीति सतपथी, डॉ रश्मि चावरे, मनीषा बघेल, नव सृजन मंच के संयोजक डा देवाशीष मुखर्जी, किशोर महानंद, मनोज जैन अनुपमा त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## जिले में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू, कलेक्टर ली बैठक

- निर्वाचन कार्यों की प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी नें आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व के अनुसार प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिये।

उन्होंने निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता के सुव्यवस्थित प्रबंधन, निर्वाचन व्यय अणुवीक्षण, ईवीएम तथा शिकायत सेल, यातायात व्यवस्था, डाकमत पत्र होम वोटिंग, रूटचार्ट वाहन व्यवस्था, विडियोग्राफी सीसीटीवी कैमरा, एमसीएमसी समिति गठन, कर्मचारी कल्याण, ब्रेनलिपि मुद्रण, निर्वाचन प्रशिक्षण, सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों मे व्यवस्था और प्रेक्षकगणो के लिये जानकारियां तैयार करने के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सर्व कार्यालय/विभाग प्रमुख अधिकारियों को अवगत कराया है कि निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा के साथ ही आचार संहिता प्रभावशील हो जायेगी। आचार संहिता प्रभावशील होते ही सभी शासकीय, निगम मंडल, आयोग, राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम की अधिकारिक वेबसाइट्स से सभी जनप्रतिनिधियों के संदर्भ एवं तस्वीर हटाये जाने की कार्यवाही किया जाये। आचार संहिता लगते ही 24 एवं 48 घंटे के भीतर की जाने वाली कार्रवाई के लिए तैयार रहने कहा। निर्वाचन के दौरान फोर्स को ठहराने की व्यवस्था की कार्य योजना तैयार कर ली जाये।

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



- प्रोफेसर्स ने बौद्धिक संपदा का अधिकार और आईपीआर दिया व्याख्यान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विकसित भारत एटदरेट 2047 पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन छत्तीसगढ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय एवं वितरागा रिसर्च फाउंडेशन रायपुर तथा हेमंचद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय सेक्टर 6 में किया गया। जिसका शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने किया। इस अवसर पर छग वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय के चेयरमेन मोहम्मद ताहिर खान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद राज्यगीत प्रस्तुत किया गया।

पहले दिन बुधवार को दो सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें पहले सत्र में बौद्धिक संपदा का अधिकार पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अधिष्ठाता डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने उदबोधन दिया और इशू एंड चेलेंज ऑफ आईपीआर इन इंडिया पर नागार्जुन पीजी कॉलेज ऑफ साइंस रायपुर की प्रोफेसर एंड हेडअप डिपार्टमेंट ऑफ फिजिक्स डॉ. अंजलि अवधिया तथा आरजीएन आईआईएम नागपुर के एग्जॉमिनर ऑफ पेटेंट एंड डिजाईन हिमांशु चन्द्राकर ने व्याख्यान दिया।


दूसरे सत्र में आईपीआर पर पेनल डिस्कशन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अधिष्ठाता डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से जब वे अमेरिका में व्याख्यान देने गये थे उस समय की वहा के और भारत के पेटेंटस एवं वहां के शिक्षा और भारत के शिक्षा में किस प्रकार का अंतर है, उसकी विस्तृत रूप से जानकारी दी। सीजीव्हीव्हीएम की प्राध्यापक शाहिन सहित अन्य महाविद्यालय से आये प्राध्यापकों एवं छग वाणिज्य महाविद्याल के छात्रों ने भी आईपीआर पर अपना अभिमत व्यक्त किये। संगोष्ठी का संचालन शाहिन मेडम एवं आभार प्रदर्शन छग वाणिज्य एंव विज्ञान महाविद्यालय की एचओडी पूनम वर्मा ने किया।

## सेल-बीएसपी द्वारा साबरमती के फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट से भारतीय रेलवे को भेजी गई 260 मीटर रेल की 10 रेक

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती (गुजरात) स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) से अब तक 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के दस रेक भारतीय रेलवे को भेजे जा चुके हैं। 6 नवंबर 2023 को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल का पहला रेक एफबीडब्ल्यूपी से भेजा गया था। भारतीय रेलवे को 10 रैक डिस्पैच किया जा चुका है तथा ग्यारहवीं रेक लोडिंग के लिए तैयार है। लगभग 940 टन वजन के 60 नग 260 मीटर रेल पैनल की लोडिंग एक रेक पर की जाती हैं।

260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए दिसंबर 2022 में भारतीय रेलवे के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद सेल-बीएसपी ने पश्चिमी रेलवे के साबरमती वेल्डिंग प्लांट का अधिग्रहण किया। एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी की सुविधाओं का उपयोग करके भिलाई इस्पात संयंत्र से लांग रेल पैनल आपूर्ति में बढ़ोत्तरी हुई है।



## अग्रवाल महिला समिति ने निर्धन कन्या विवाह के लिए दी राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** अग्रवाल महिला समिति नया खुर्सीपार की बहनों ने उड़िया समाज एक निर्धन कन्या को विवाह के लिए 11000 की राशि भेंट स्वरूप दी।

इस मौके पर समाज की महिलाओं ने कहा कि अग्रवाल समाज के कुल देवता अग्रसेन महाराज की प्रेरणा से हम यह सब कार्य करती रहती हैं करते रहते हैं और आगे भी महाराज अग्रसेन और माता लक्ष्मी जी से यही आशीर्वाद चाहते हैं कि यह कार्य हमेशा करते रहें। अग्रसेन महाराज का एक ही नारा था एक ईंट-एक रुपया। इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, सचिव प्रेमा गर्ग, शारदा सिंघानिया, उषा, प्रेमलता अग्रवाल, प्रेमलता गर्ग, सरला, आशा, माया, संगीता, बीना, प्रतिमा, हंसा, कविता, कुसुम, लक्ष्मी, दीप्ति, अंजू, मनीषा, अनीता आदि उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय निगम योजना की मदद से जिले के शिक्षित बेराजगारों को मिला स्वरोजगार

- पीएम मोदी ने लॉन्च किया पीएम-सूरज पोर्टल, अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा ऋण का चेक वितरित
- दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर में लोगों को सूरज पोर्टल की सौगात दी। राष्ट्रीय पोर्टल सामाजिक उत्थान और रोजगार पर आधारित है। वंचितों को रोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। नमस्ते (National Action For Mechanised Sanitation Ecosystem) योजनाओं से लाभार्थियों का सशक्तिकरण इस पोर्टल का उद्देश्य है। पोर्टल से रोजगार के अवसर तैयार होंगे। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सीवर और सेप्टिक टैंको की सफाई के संचालन हेतु नमस्ते योजना लागू किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान अंत्यावसायी कार्यालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के 8 लाभार्थियों को ऋण मुक्त प्रमाण पत्र एवं जय अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह नगपुरा के समूह को टिफिन के मध्यान भोजन व्यवसाय के लिए 3 लाख रुपए का ऋण, संध्या स्व-सहायता समूह ग्राम बिरेझर की 25 आवेदकों के समूह को सिलाई कार्य के लिए 5 लाख का ऋण एवं छत्तीसगढ़ महतारी स्व-सहायता समूह ग्राम डूमरडीह के 22 आवेदकों के समूह को 4.40 लाखका ऋण, मिलेट्स के उत्पादकों की ब्रिकी के लिए ऋण का चेक वितरीत किया गया।

### सफाई कामगारों को विकास की धारा से जोड़ने मुख्य उद्देश्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम सूरज योजना के तहत आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण योजनाओं के तहत विगत वर्षों में लाभांवित हुये हितग्राहियों को योजना के संबंध में जानकारी देने एवं भविष्य में इनके आर्थिक विकास हेतु राष्ट्रीय स्तर पर संचालित अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सफाई कामगार वर्ग के लोगों को आर्थिक लाभ देकर विकास की धारा से जोड़ने मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने देशभर में अलग-अलग राज्यों से पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग लाभार्थियों से भी बातचीत की। समाज के सबसे असहाय वर्गो को उठाना हमारा उद्देश्य है। इस पोर्टल के माध्यम से वंचित समुदाय के लोगों को सीधे आर्थिक सहायता दी जाएगी। कही भी चक्कर लगाने की जरूरत नही है। नमस्ते योजना से सफाई कर्मचारियों का जीवन बेहतर होगा। सम्मान जनक जीवन की व्यवस्था इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल रूप से पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लांच किया। जिले में यह कार्यक्रम पद्मनाभपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। वर्चुअल रूप में देश के 470 जिलों से जुड़े हुए थे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर सहित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अंत्यावसायी निगम से जुड़े लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह योजना सफाई कामगारों के लिए बहुत ही लाभदायक योजना है। सीधे पोर्टल के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हम सब बहुत भाग्यशाली हैं जो सरकार की योजनाओं से जुड़े हुए हैं।

### शिक्षित बेरोजगारों को योजना के तहत मिला ऋण

राष्ट्रीय निगम की योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराया गया है। कृष्णा नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग निवासी तृप्ति बंजारे पिता डेरेश्वर स्त्रह्ममार बंजारे (29 वर्ष) को 1 लाख रुपए की राशि ऋण में दी गई। तृप्ति को योजनांतर्गत मेडिकल स्टोर्स व्यवसाय हेतु वर्ष 2021 में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया उनके द्वारा सफ्लतापूर्वक मेडिकल स्टोर्स का संचालन कर नियमित रूप से वितरीत ऋण की मूलधन व ब्याज अदा किया गया। 5 वर्ष की समयावधि के पूर्व ही इनके द्वारा मूलधन एवं ब्याज की राशि पटा दी गई जिसमें नियमानुसार इन्हे ब्याज में छूट भी प्रदाय किया गया एवं उन्हे आत्मनिर्भर बनने एवं समयावधि के पूर्व ही ऋण राशि व्याज सहित वापस किये जाने के कारण ऋण मुक्त प्रमाणपत्र दिया गया।इसी प्रकार कृष्णा नगर सुपेला भिलाई की कुमारी तृप्ति बंजारे को 1 लाख रुपए मेडिकल स्टोर्स के लिए, पदमनाभपुर दुर्ग के कुलदीप कोर्सेवाड़ा को 2 लाख रुपए रेडिमेंट कपड़ा व्यवसाय के लिए, पोटिया बस्ती के श्री जयप्रकाश पाटिल को 2 लाख रुपए टेलरिंग वर्क के लिए, राजीव नगर की कुमारी अंजली साहू को 1 लाख रुपए कपड़ा व्यवसाय के लिए, ग्राम नगपुरा निवासी भारती सिन्हा को 1 लाख रुपए कम्प्यूटर सेंटर व्यवसाय के लिए, ग्राम पाउवारा निवासी तारा साहू को एक लाख रुपए फोटोकापी एवं जनरल स्टोर्स के लिए, आर्य नगर कोहका की अनिता वर्मा को 1 लाख रुपए कपड़ा व्यवसाय के लिए प्रमाण पत्र दिया गया।

इसी प्रकार ग्राम गोड़पेण्ड्री पाटन, जिला दुर्ग निवासी खोमन लाल खुटियारे पिता देवलाल खुटियारे (26) को मुर्गीपालन व्यवसायके लिए 2 लाख रुपए की राशि ऋण स्वीकृत की गई। खोमन लाल को वर्ष 2016 में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष की अवधि हेतु ऋण स्वीकृत किया गया। उनके द्वारा भी सफलतापूर्वक मुर्गीपालन व्यवसाय का संचालन कर नियमित रूप से वितरीत ऋण को मूलधन व ब्याज की राशि पटाया गया। जिसके फलस्वरूप उन्हें ऋणमुक्त प्रमाण पत्र दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950